


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 128 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 20 फरवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### 22 को बस्तर आएंगे शाह, 3 सीटों पर फोकस, देंगे जीत का महामंत्र

**जगदलपुर।** बीजेपी इस दिनों लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अभी से पूरी ताकत लगा रही है। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 22 फरवरी को प्रदेश के बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कोंडागांव में बीजेपी पार्टी के द्वारा गठित कलस्टर क्षेत्र में एक कार्यक्रम शामिल होने को लेकर तीन लोकसभा क्षेत्रों के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सहप्रभारी और प्रभारी की बैठक को लेकर चुनावी तैयारियों की समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक से चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर मार्गदर्शन करेंगे।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों को इन्होंने कलस्टर के चार भागों विभाजित किया है। महासमुंद, कांकेर और बस्तर जिला के एक कलस्टर हैं। इसके साथ ही कोंडागांव की एक बैठक में इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 1998 से लेकर साल 2019 तक 20 वर्ष की लम्बी अवधि तक बीजेपी का कब्जा रहा। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को यहां से कांग्रेस के मुकाबले लगभग 38 हजार वोटों से ही पराजित होना पड़ा था। ऐसे में प्रदेश की 11 में से नौ सीटों पर भाजपा का और दो सीटों पर कांग्रेस पार्टी का कब्जा रहा है।

इसके अलावा प्रदेश के कोरबा और बस्तर की लोकसभा सीट कांग्रेस के पास है। वहीं पिछले साल 2023 में गृहमंत्री अमित शाह दो बार बस्तर आए थे। पहली बार वे 18 मार्च को केंद्रीय रिजर्व के पुलिस बल के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए करनपुर पहुंचे थे। जिसके बाद विधानसभा चुनाव के समय 19 अक्टूबर को यहां लालबाग के मैदान में भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली में शामिल होकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश फूंका था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया आईआईटी भिलाई के साथ कवर्धा व कुरुद के केन्द्रीय विद्यालय का लोकार्पण

## जम्मू के एमए स्टेडियम से 30 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू के एमए स्टेडियम से भिलाई आईआईटी के स्थाई कैंपस तथा कवर्धा और कुरुद केन्द्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवनों का ऑनलाइन लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े 30 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर आईआईटी भिलाई के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा और ललित चन्द्राकर भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में भिलाई आईआईटी के अधिशासी मंडल के अध्यक्ष के. वेंकटरमन ने स्वागत भाषण दिया। भिलाई आईआईटी के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भिलाई आईआईटी के सात वर्षों के सफर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईआईटी के निर्माण की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी ने 14 जून 2018 को रखी। इसके निर्माण का कार्य 8 जुलाई 2020 को आरंभ किया गया। आईआईटी का परिसर 400 एकड़ में फैला है। आरंभिक रूप से इसके निर्माण के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 1090 करोड़ 18 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। बिल्डिंग में लेक्चर हाल, सेमिनार रूम, क्लास रूम आदि बनाये गये हैं। भिलाई आईआईटी में निर्माण कार्य में बहुत सी इमारतों के नाम छत्तीसगढ़ के प्रमुख नदियों और पर्वतों के नाम पर रखे गये हैं।





### पीएम मोदी ने संगलदान-बारामुला इलेक्ट्रिक ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को बारामुला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान (48 किलोमीटर) और नव विद्युतीकृत बारामुला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किलोमीटर) के बीच नई रेल लाइन सहित विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश वितरित किए। पीएम ने आज करीब 1500 नई सरकारी भर्तियों को नियुक्ति आदेश बांटे।

### पीएम मोदी ने डोगरी भाषा से शुरू किया संबोधन

पीएम ने डोगरी भाषा से संबोधन शुरू किया। उन्होंने डोगरी में कहा कि उन्हें जम्मू में एक बार फिर आकर बहुत ही अच्छा लगा। उन्होंने डोगरी भाषा की कवित्री पदमा सचदेव का भी जिक्र किया, जिन्होंने कहा है कि 'मिठी ए डोगरे दी बोली, खंड मिठे लोग डोगरे।' पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के साथ उनका चालीस साल से नाता रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि कभी बम, बंदूक, अपहरण, अलगाव से जुड़ी खबरें जम्मू कश्मीर से आती थी। लेकिन अब जम्मू कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर परिवारवाद का शिकार हुआ। अब प्रदेश परिवाद के चंगुल से बाहर निकल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में एक वो दिन थे जब स्कूल जलाए जाते थे, एक आज के दिन आए हैं जब स्कूल सजाए जाते हैं। पहले गंभीर बीमारी के इलाज के लिए दिल्ली जाना पड़ता था। लेकिन अब जम्मू में ही एम्स बनकर तैयार हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद 370 की थी। इस दीवार को भाजपा की सरकार ने ढहा दिया है। पीएम ने जनता से आह्वान किया कि इस लोकसभा के चुनाव में भाजपा को 370 सीटें दीजिए और एनडीए को 400 पार कर दिजिए।

### उत्साह का कैलेण्डर जारी होता है: उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

एमए स्टेडियम में पीएम मोदी के स्वागत के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में अभूतपूर्व विकास हुआ है। अब पाकिस्तान कश्मीर में हड़ताल के कैलेंडर जारी नहीं करता है। बल्कि प्रदेश प्रशासन उत्साह के कैलेंडर जारी करता है। अब जम्मू को प्रमुख शिक्षा केंद्र के रूप में जाना जा रहा है। आईआईएम जम्मू, आईआईटी जम्मू, एम्स जम्मू का निर्माण जम्मू में हुआ है।

### जम्मू कश्मीर में सामाजिक न्याय का नया अध्याय हुआ शुरू - डॉ. जितेंद्र सिंह

एमए स्टेडियम में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि दस साल पहले दिसंबर 2013 में जम्मू में इसी जगह पर पीएम मोदी ने ललकार रैली को संबोधित किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल का निर्माण हुआ। प्रदेश के दो एम्स, आईआईटी, आईआईएम को जम्मू कश्मीर को मिले। जम्मू कश्मीर में सामाजिक न्याय के नया अध्याय का आरंभ हुआ। प्रदेश में गुज्जर, पहाड़ी, एसटी, एससी, कश्मीरी पंडितों, पश्चिम पाकिस्तान के शरणार्थियों को उनके अधिकार मिले।

## यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच नहीं होगा गठबंधन, दोनों अलग-अलग लड़ेंगे चुनाव



**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बने विपक्षी गठबंधन को सबसे बड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा। सूत्रों के हवाले से खबर है कि सपा और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है।

सोमवार को समाजवादी पार्टी ने गठबंधन के तहत अब 17 सीटों पर कांग्रेस को अपने प्रत्याशी उतारने का प्रस्ताव दिया था। इससे पहले सपा ने कांग्रेस को 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे लेकर दोनों दलों के बीच बयानबाजी शुरू हो गई थी। सोमवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए 17 लोकसभा सीटें छोड़ने का फैसला लिया।


सूत्रों के मुताबिक, सपा ने कांग्रेस को अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर, कैसरगंज, वाराणसी, अमरोहा, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, फतेहपुर सीकरी, कानपुर, हाथरस, झांसी, महराजगंज और बागपत सीट दी थी।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, सपा की तरफ से 17 सीटों का प्रस्ताव मिला है, हालांकि पार्टी की ओर से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई। मालूम रहे कि इससे पहले 11 सीटों का प्रस्ताव देने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने असंतोष जताया था। जिसके बाद सपा ने नए सिरे से सीटों का चयन कर सूची कांग्रेस नेतृत्व को भेजी थी।

## 9 मार्च के बाद जारी होंगी चुनाव की तारीखें, 7 चरणों में वोटिंग के आसार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव कब होंगे? फिलहाल, यह सवाल बरकरार है। इसी बीच खबरें हैं कि ईसीटी यानी भारत निर्वाचन आयोग मार्च के दूसरे सप्ताह में तारीखों का ऐलान कर सकता है। कहा जा रहा है कि आयोग पहले जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति जानना चाह रहा है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अप्रैल-मई में चुनाव हो सकते हैं।

न्यूज18 की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि आयोग 9 मार्च के बाद तारीखों का ऐलान कर सकता है। फिलहाल, चुनाव अधिकारी राज्यों का दौरा कर जानकारियां जुटा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, संकेत ये भी मिल रहे हैं कि 2024 का चुनावी कैलेंडर 2019 जैसा ही हो सकता है। साल 2019 में लोकसभा की 543 सीटों के लिए सात चरणों में चुनाव हुआ था। आयोग ने 10 मार्च को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। उस दौरान निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार, वोटिंग का पहला चरण 11 अप्रैल को हुआ था। दूसरे चरण में 18 अप्रैल, तीसरे चरण में 23 अप्रैल, चौथे चरण में 29 अप्रैल, पांचवे




चरण में 6 मई, इसके बाद 12 मई और अंतिम चरण का मतदान 19 मई को हुआ था।

आयोग ने 23 मई को नतीजों का ऐलान किया था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था। लोकसभा के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, सिक्किम और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी हुए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को बिहार पहुंचा जो लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीईसी के साथ निर्वाचन आयुक्तों अरुण गोयल और धर्मेंद्र शर्मा के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी राज्य में पहुंचे जो अगले दो दिन यहां रहेंगे।

# फिर लौटेगी राजिम कुंभ की भव्यता देशभर से आएंगे साधु-संत, तैयारियां शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 5 वर्षों के बाद एक बार फिर से राजिम कुम्भ को भव्यता देने की तैयारियां शुरू हो गई है। पूर्ववर्ती सरकार ने राजिम कुम्भ का नाम बदल दिया था। भाजपा की सरकार आने के बाद फिर से राजिम कुम्भ को पूरी भव्यता से साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तैयारियां जोर शोर से चल रही है। राजिम कुम्भ इस बार 24 फरवरी से 8 मार्च तक चलेगा। जिसमें हरिद्वार, अयोध्या, काशी, मथुरा, चित्रकुट, उत्तराखंड समेत देशभर से साधु-संत, पीठाधीश्वर, मठाधीश, महात्मा व शंकराचार्य पहुंचेंगे।



छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में त्रिवेणी संगम पर राजिम कुंभ कल्प के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। राजिम कुंभ में आने के लिए महामंडलेश्वर विशेकानंद महाराज, महामंडेलश्वर शिवस्वरूपा नंद महाराज, महंत ज्ञान स्वरूपानंद महाराज, सतपाल महाराज, हरिद्वार के डा चिन्मयानंद महाराज, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री, सीहोर के पंडित प्रदीप मिश्रा सहमति जता चुके हैं। कुंभ में देशभर के दो हजार से अधिक साधु-संतों के जुटने की संभावना है, जिनमें संपर्क कर आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। साधु-संतों के लिए पंडाल भी तैयार किए जा रहे हैं। राजिम कुंभ कल्प में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ स्थानीय के साथ दिल्ली-मुंबई के कलाकर भी प्रस्तुति देंगे।

कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए एक अलग मंच बनाया जाएगा, जिसमें सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक कार्यक्रम चलेगा। कलाकारों से संपर्क करने में अधिकारी जुटे हैं। धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प के लिए प्रदेशवासियों को आमंत्रित किया है। आयोजन के दौरान तीन पुण्य स्नान 24 फरवरी माघ पूर्णिमा, चार मार्च माता जानकी जयंती और आठ मार्च महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होंगे।

धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर राजिम के आसपास की सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य तेज कर दिया गया है। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को लाइटिंग, ट्रांसफार्मर, जनरेटर, सजावट, पुल-पुलिया में रोशनी आदि की व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ आयोजन स्थल पर करीब 300 शौचालय बनाने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजिम की ओर सभी दिशाओं से करीब 100 बसें अलग-अलग समय में रात दो बजे तक चलाई जाएंगी। सुरक्षा के मद्देनजर बसों में एक-एक सुरक्षा गार्ड तैनात रहेंगे। खाद्य विभाग की ओर से 100 से अधिक दाल भात केंद्र संचालित होंगे। आयोजन स्थल पर 24 घंटे चिकित्सा व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी।






## संपादकीय

# समाधान की कोशिशें

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चल रहे किसान आंदोलन के समाधान की कोशिशें एक-एक कर नाकाम हो रही हैं, तो यह न केवल दुखद, बल्कि चिंताजनक भी है। केंद्र सरकार ने 18 फरवरी को किसानों के सामने प्रस्ताव रखा था, जिसके तहत किसानों के साथ पांच फसलों, अर्थात मक्का, कपास, अरहर, मसूर और उड़द की खरीद के लिए पांच साल का अनुबंध किया जाना था। सरकार के इस प्रस्ताव में किसान नेताओं ने विचार का आश्वासन दिया था, पर संयुक्त किसान मोर्चा ने 19 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्रियों के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। सरकार चाहती है कि किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रेरित किया जाए, पर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी की मांग पर अड़े हुए हैं। वास्तव में, किसानों को दिया गया प्रस्ताव नया नहीं था और ऐसी आश्वस्ति एकाधिक पार्टियों के चुनावी घोषणापत्र में पहले भी आ चुकी है। ऐसी ही अनुशंसा स्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग ने साल 2006 में की थी। किसानों को पुरानी अनुशंसा पूरी होने का स्वागत करना चाहिए था, भले ही वे अपनी अन्य मांगों के लिए अड़े रहते। कुल मिलाकर रविवार को जो उम्मीदें बंधी थीं, सोमवार शाम होते टूट गईं।

> “ चिंता बढ़ रही है कि किसानों का आंदोलन आने वाले दिनों में उग्र होता जाएगा। हालांकि, इस बार आंदोलन को पिछली बार की तरह व्यापक समर्थन नहीं दिख रहा है, क्योंकि ज्यादातर लोगों को लगता है कि चुनाव से ठीक पहले आंदोलन के राजनीतिक निहितार्थ ज्यादा हो सकते हैं। अगर सरकार द्वारा किसी आंदोलन के खिलाफ बल प्रयोग सही नहीं है, तो किसी आंदोलन की उग्रता या अनुशासनहीनता का भी कतई स्वागत नहीं किया जा सकता। शांतिपूर्ण और तार्किक समाधान की राह जल्द से जल्द निकलनी चाहिए।

चंडीगढ़ में किसान नेताओं ने घोषणा कर दी है कि गारंटीशुदा खरीद वाली सभी फसलों के लिए एमएसपीञ्चसी2+50 प्रतिशत से नीचे कुछ भी स्वीकार्य नहीं है। किसानों की मांग बहुत लंबी-चौड़ी है, जिसे वे बार-बार दोहरा रहे हैं। अन्य मांगों में ऋण माफी की मांग शामिल है। बिजली का निजीकरण नहीं करने, व्यापक सार्वजनिक क्षेत्र की फसल बीमा योजना लाने, 60 साल से अधिक उम्र के किसानों को 10,000 रुपये मासिक पेंशन देने, अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने और मुकदमा चलाने की भी मांग हो रही है। कुछ मांगें बहुत गंभीर किस्म की हैं, जिनको पूरा करने का असर देश में अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर भी पड़ सकता है। देश में अनेक वर्ग ऐसे हैं, जो ताकतवर नहीं हैं, राजधानी को घेरने की स्थिति में नहीं हैं, तो क्या उनकी मांगें कभी नहीं मानी जाएंगी? खासतौर पर एक सूबे के किसान नेता अपने आंदोलन को देश भर में फैलाना चाहते हैं, तभी तो पूरे भारत में भाजपा व एनडीए के संसदीय क्षेत्रों में शांतिपूर्ण प्रदर्शन, सार्वजनिक बैठकें और मशाल जुलूस आयोजित करने का आह्वान भी किया गया है। साफ है, किसान आंदोलन को पूरे देश में फैलाने के उपाय किए जा रहे हैं। हालांकि, अन्य राज्यों पर अगर हम नजर फेरें, तो किसान आंदोलन के प्रति सुगबुगाहट न के बराबर महसूस हो रही है। क्या इस आंदोलन के नेताओं ने बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के किसानों को भी विश्वास में लिया है? देखना चाहिए कि उनका आंदोलन एक सूबे का आंदोलन न मान लिया जाए। चिंता बढ़ रही है कि किसानों का आंदोलन आने वाले दिनों में उग्र होता जाएगा। हालांकि, इस बार आंदोलन को पिछली बार की तरह व्यापक समर्थन नहीं दिख रहा है, क्योंकि ज्यादातर लोगों को लगता है कि चुनाव से ठीक पहले आंदोलन के राजनीतिक निहितार्थ ज्यादा हो सकते हैं। अगर सरकार द्वारा किसी आंदोलन के खिलाफ बल प्रयोग सही नहीं है, तो किसी आंदोलन की उग्रता या अनुशासनहीनता का भी कतई स्वागत नहीं किया जा सकता। शांतिपूर्ण और तार्किक समाधान की राह जल्द से जल्द निकलनी चाहिए।

## राजनीति से प्रेरित कार्रवाई

कांग्रेस के बैंक खाते पर हुई कार्रवाई का उसकी गतिविधियों पर गहरा असर पड़ेगा। क्या आय कर विभाग यही चाहता है? जिस समय विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका पहले से संदिग्ध है, ऐसे सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं हैं।

कांग्रेस के खाते का संचालन जिस समय और जिस तरह से रोका गया, उसे पहली नजर में राजनीति से प्रेरित कार्रवाई ही माना जाएगा। यह कार्रवाई इलेक्ट्रॉल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के ठीक अगले दिन की गई। इस निर्णय से सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के लिए असहज स्थितियां पैदा हुईं। इससे इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के जरिए भाजपा को असामान्य रूप से मिले अधिक चंदे और उसके स्रोत का मुद्दा चर्चा में आया। उसके ठीक अगले दिन देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर ऐसी कार्रवाई के मकसद पर सहज ही संदेह खड़ा हुआ। सवाल उठा कि क्या इसके जरिए यह बताने की कोशिश की गई है कि विपक्ष के चंदे में भी घपला है? आय कर विभाग की इस कार्रवाई के तथ्यों पर ध्यान देना जरूरी है। यह कदम 2018-19 में कांग्रेस को मिले चंदे के सिलसिले में यानी अब पांच साल बाद उठाया गया है। तब पार्टी तय तारीख (31 दिसंबर 2019) तक इनकम टैक्स रिटर्न जमा नहीं करा पाई। उसने 45 दिन देर से इसे जमा कराया। रिटर्न में पार्टी ने बताया कि गुजरे साल में 199 करोड़ रुपये का चंदा उसके बैंक खाते में आया, जबकि 14 लाख 40 हजार रुपये उसके पास नकदी में हैं, जो उसे पार्टी सांसदों और विधायकों से मिले हैं। आय कर विभाग ने नकदी रकम को विसंगति (डिस्क्रेपैंसी) बताया है, जबकि 45 दिन की हुई देर को लेकर 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा दिया है। यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले हुई है। खाते के संचालन पर रोक को जब कांग्रेस ने अपीलीय पंचाट में चुनौती दी, तो पंचाट ने खाते के संचालन से रोक तो हटा दी, लेकिन शर्त लगा दी कि कांग्रेस को 155 करोड़ रुपये खाते में रखने होंगे। पार्टी के मुताबिक उसके पास इसके अतिरिक्त रकम नहीं है। यानी व्यावहारिक रूप में वह खाते का इस्तेमाल नहीं कर पाएगी। जाहिर है, पार्टी की गतिविधियों पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। क्या आय कर विभाग का यही मकसद है? जिस समय विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका पहले से संदिग्ध है, ऐसे सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं हैं।

## केजरीवाल की कहानियों का अंत नहीं

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ड्रामे और उनकी कहानियों का अंत ही नहीं हो रहा है। उनकी सरकार ने एक बार फिर विधानसभा में विश्वास मत पेश कर दिया। किसी ने उनके बहुमत पर अविश्वास नहीं जाहिर किया था और न कहीं से उनकी सरकार को खतरा दिख रहा था। 70 सदस्यों की राज्य विधानसभा में केजरीवाल की पार्टी के 62 विधायक हैं। उन्हें तीन चौथाई से भी ज्यादा बहुमत है। फिर भी यह तीसरा मौका है, जब उन्होंने विश्वास मत हासिल करने का ड्रामा रचा है। पहले भी उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके विधायकों को 20 करोड़ रुपए देने की भाजपा ने पेशकश की है। इस आरोप के बाद उन्होंने विश्वास मत पेश कर दिया।

अब फिर आरोप लगाया है कि सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए की पेशकश भाजपा ने की है और सरकार गिराना चाहती है। हालांकि सात या 17 विधायकों के टूटने से भी केजरीवाल की सरकार पर खतरा नहीं है। दूसरे, दिल्ली पुलिस उनसे पूछ रही है कि वे मीडिया में बयान देने के बाद औपचारिक शिकायत दर्ज कराएं। किसी व्यक्ति का नाम लें, जिसने पैसे की पेशकश की या कोई फोन नंबर ही बताएं कि इस नंबर से फोन करके पेशकश की गई थी। लेकिन उनकी पार्टी ने न कोई सबूत पेश किया है और न औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन विधानसभा के सत्र में बजट टाल दिया और विश्वास मत पेश कर दिया।

> “ **छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 01 लाख 47 हजार 446 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। यह बजट सभी वर्गों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाले और विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट है। अमृत काल का छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।**

# मोदी की गारंटी-छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय

### 21 फरवरी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन्म दिवस पर विशेष

छगनलाल लोन्हारे, उप संचालक

01 नवम्बर 2000 को भारतीय गणराज्य के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य का उदय हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 दिसम्बर 2023 को प्रदेश की बागडोर संभाली। उनके बागडोर संभालते ही प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय होने लगा है। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ध्येय वाक्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 02 माह की अल्पावधि में कई जनहितकारी फैसलों से समाज के हर वर्ग की तरक्की और खुशहाली के लिए अनेक कदम उठाए गए। सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण स्वच्छ प्रशासन और सरकारी काम-काज में पारदर्शिता लाना है। प्रदेश का हर नागरिक चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण प्रदेश सरकार की कल्याणकारी सोच से वाकिफ है। लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। अल्प अवधि में राज्य सरकार ने जनता से किए गए वादे पूर्ण करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जिसके कारण प्रदेश में न्याय, राहत और विकास का नया दौर शुरू हुआ है। सेवा, सुशासन, सुरक्षा एवं विकास के संकल्प को लेकर प्रदेश सरकार जनता की सेवा में दिन-रात लगी हुई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने शपथ ग्रहण करते ही पहली कैबिनेट में 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पक्के आवास बनाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में कृषक उन्नति योजना के तहत सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा भी निभाएगा और धान खरीदी की पारदर्शी और सुगम व्यवस्था भी की गई। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में अब तक का सर्वाधिक धान खरीदी का कीर्तिमान स्थापित हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा धान उपार्जन के समय-सीमा 31 जनवरी से बढ़ाकर 04 फरवरी तक करने का एक बड़ा निर्णय लिया। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों किसानों को इसका फायदा मिला। समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है। राज्य सरकार ने युवाओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए पीएससी भर्ती परीक्षा वर्ष 2022 प्रकरण की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को शासकीय सेवाओं में भर्ती हेतु अधिकतम आयु सीमा की छूट अवधि पांच वर्षों के लिए बढ़ा दी गई है। सरकार के इस फैसले से अनेक युवाओं को इसका लाभ मिलेगा और वे नए सिरे से हर क्षेत्र में प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होंगे।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस सुशासन दिवस 25 दिसम्बर को 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में 2 साल के धान के बकाया बोनस 3 हजार 716 करोड़ रूपए की अंतर राशि अंतरित



कर दी गई है।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के द्वारा पीवीटीजी अर्थात् विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूहों (बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर एवं अबुझमाड़िया) को मूलभूत सुविधाओं जैसे पक्के आवास गृह, संपर्क सड़के, छात्रावास का निर्माण, शुद्ध पेयजल, विद्युतीकरण, बहुद्देशीय केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा वनधन केन्द्रों का निर्माण, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल से परिपूर्ण करने की दिशा में प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 5500 रूपए प्रति मानक बोरा प्रदाय किए जाने राज्य सरकार ने निर्णय लिया है। तेन्दूपत्ता, महुआ, इमली सहित सभी लघुवनोपजों से आजीविका के साधनों को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश के 50 लाख ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए नल कनेक्शन हेतु 4,500 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रूपए वार्षिक सहायता राशि प्रदान करने का बजट में प्रावधान किया गया है।

मातृ शक्ति का सम्मान करते हुए माताओं और बहनों के सम्मान, स्वाभिमान, स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। उनकी सेहत शिक्षा और पोषण के लिए राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू की है। इसके अंतर्गत 12 हजार रूपए वार्षिक आर्थिक सहायता प्रदान करने का वादा निभाने की दिशा में पहल प्रारंभ कर दिया गया है। अयोध्या धाम में प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के प्रति लोगों की जिज्ञासा और अगाध श्रद्धा भाव का सम्मान करते हुए प्रदेश सरकार ने रामलला दर्शन योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया है, इसके तहत प्रतिवर्ष हजारों लोगों को अयोध्या धाम तथा काशी विश्वनाथ धाम, प्रयाग राज की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। सामान्य परिवारों के लिए प्रतिमाह 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के अंतर्गत दिसम्बर 2028 तक निःशुल्क चावल प्रदाय करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में इस योजना से 67 लाख 94 हजार अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारियों को मासिक पात्रता का चावल दिया जाएगा। महिलाओं का जीवन आसान बनाने में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की बड़ी भूमिका रही है। इसके अंतर्गत प्रदेश में अब तक 36 लाख से अधिक नवीन गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के प्रमुख 5 शक्तिपीठों कुदरगढ़, चन्द्रपुर, रतनपुर, दंतेवाड़ा तथा डोंगरगढ़ को चारधाम की तर्ज पर विकसित करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। तीन नदियों की संगम राजिम मेले की राष्ट्रीय स्तर पर पुनः पहचान दिलाने के लिए राजिम कुंभ (कल्प) का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के समन्वित विकास के लिए कटघोरा से डोगढ़गढ़ तक रेललाईन निर्माण के लिए 300 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है।

छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 01 लाख 47 हजार 446 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। यह बजट सभी वर्गों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाले और विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने वाला बजट है। अमृत काल का छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# टीम इंडिया में युवा खिलाड़ियों ने जमाया अपना सिक्का

मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ खेल पत्रकार

खेल हो या राजनीति, पीढ़िगत बदलाव थोड़ा मुश्किल होता है, भले ही वह बेहतरी के लिए होता है। क्रिकेट के अन्य प्रारूपों के मुकाबले टेस्ट क्रिकेट में यह बदलाव थोड़ा ज्यादा मुश्किल होता है, क्योंकि इस प्रारूप में क्रिकेटरों के लिए पैर जमाना आसान नहीं होता है। भारतीय टेस्ट टीम में इस बदलाव की काफी समय से जरूरत महसूस की जा रही थी, पर भारतीय यंग ब्रिगेड ने जिस तरह से इंग्लैंड की बैजबॉल का बाजा बजाकर दूसरा और तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त दिलाई है, उससे लगता है कि अब वे जिम्मेदारी संभालने को पूरी तरह से तैयार हैं। रनों के हिसाब से देखें, तो युवा खिलाड़ियों के बूते भारत ने अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। 434 रन से मिली जीत में बहुत सामान्य पृष्ठभूमि से आए युवा खिलाड़ियों, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, शुभमन गिल, विकेटकीपर ध्रुव जुरेल का बड़ा योगदान है।

इस सीरीज में अब तक ओपनर यशस्वी जायसवाल, तीसरे नंबर के बल्लेबाज शुभमन गिल, मध्य क्रम में भारत की नवीनतम खोज सरफराज खान और विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने ऐसी छाप छोड़ी है कि उन पर भरोसा किया जा सकता है। टेस्ट क्रिकेट का भविष्य संवारने वाले ये खिलाड़ी भारतीय टीम को मुश्किल हालात में मिले हैं। इस श्रृंखला के शुरू होने से पहले इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स द्वारा शुरू की गई बैजबॉल का दुनिया भर में डंका बजा हुआ था। श्रृंखला शुरू होने से पहले भारत के दिग्गज विराट कोहली पारिवारिक आपात स्थिति की वजह से हट गए, इसके बाद लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर भी चोटिल हो गए।

नतीजा यह कि भारत पहला टेस्ट इंग्लैंड के हाथों बुरी तरह से हार गया। यह वह स्थिति थी, जब टीम प्रबंधन और चयन समिति के सामने यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया



था कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे पुराने क्रिकेटरों को बुलाया जाए या नहीं, पर उन्होंने यंग ब्रिगेड पर ही भरोसा करने का फैसला किया और यह फैसला रंग जमाने वाला साबित हुआ है। अब भारत को ऐसे युवा क्रिकेटर मिल गए हैं, जिनके कंधों पर अगले दशक की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यह सही है कि इन युवाओं ने घरेलू स्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनकी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी स्थितियों में परख होना बाकी है, लेकिन युवाओं ने भरोसा बढ़ा दिया है।

बाईस वर्षीय भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वैसा प्रतिभाशाली दशकों में सामने आता है। सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के रूप में ऐसी प्रतिभाएं सामने आ चुकी हैं। यशस्वी ने इस सीरीज में अब तक जिस तरह का प्रदर्शन किया है, वह सिलसिला बनाए रख सकें, तो उनका नाम इन दिग्गजों में शुमार होना तय है। वह लगातार दो टेस्टों में दोहरे शतक जमाने वाले चंद बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। बेशक, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल, दो ऐसे युवा हैं, जिन्होंने पहले ही मैच में लोगों का दिल जीत लिया है। सरफराज पिछले तीन सीजन से घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाकर टेस्ट टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे। वहीं ध्रुव ने तो अभी टेस्ट टीम में आने का सपना भी नहीं देखा था। कुछ समय पहले तक केएस भरत नंबर वन विकेट कीपर थे और इससे पहले ईशान किशन इस दौड़ में थे, लेकिन अब लगता है, ध्रुव टीम के पक्के सदस्य बन सकते हैं। सरफराज की रनों की भूख की कप्तान रोहित शर्मा ने भी तारीफ की है। वह पदार्पण टेस्ट में दो अर्द्धशतक लगाने में कामयाब रहे। इन युवाओं का चमकना वास्तव में क्रिकेट में मेहनत व लगन की जीत है। इससे लाखों युवाओं को प्रेरणा मिलेगी।

जरूरी है कि भारतीय टीम प्रबंधन रोहित शर्मा और विराट कोहली से आगे देखने की शुरुआत कर दे। हमें भविष्य के लिए टेस्ट खिलाड़ी मिल गए हैं। हालांकि, इनका भविष्य बहुत कुछ इस पर निर्भर रहने वाला है कि टीम प्रबंधन किस होशियारी से इनका इस्तेमाल करता है। मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ इन सभी से जूनियर स्तर से जुड़े रहे हैं, इसलिए वह इनकी प्रतिभा से परिचित हैं, अतः युवाओं को अनुभव का साथ मिलना तय है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# ताकि आंदोलनों में किसी की जान न जाए

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी

हर बड़े जनांदोलन के बाद पूरे अस्त-व्यस्त माहौल में सिर्फ एक छवि हमारी स्मृतियों में बची रह जाती है, और वह होती है, थके-हारे पुलिसकर्मियों की, जिनकी पूरे घटनाक्रम की शुरुआत में आमतौर से कोई भूमिका नहीं होती, मगर अंत में ठीकरा उन्हीं के सिर पर फूटता है। पिछले कुछ दिनों से जारी किसान आंदोलन के हर दिन शाम को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया की छवियां भी लगभग ऐसी ही हैं। किसान जिन मांगों को लेकर आंदोलित हैं, उनका पुलिस से कोई रिश्ता नहीं हो सकता। न तो मांगें उनके किसी दुराचरण से उपजी हैं, और न ही उनके पूरा होने या न होने में पुलिस की कोई भूमिका हो सकती है, मगर राज्य की सबसे दृश्यमान और दमनकारी भुजा होने के कारण आंदोलनकारियों से पहला मुचेहटा उन्हें ही लेना पड़ा है। किसानों के मामले में एक औसत पुलिसकर्मी की सहानुभूति भी आंदोलन के साथ थी, क्योंकि उनमें से ज्यादातर गांवों से खेती-किसानी की पृष्ठभूमि से आते हैं, पर सिखलाई और अनुशासन के चलते वे अपने भाई-बंधुओं से कई दिनों से मोर्चा ले रहे हैं।

आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच के रिश्ते एक पराधीन समाज में निर्धारित हुए थे और काफी हद तक अब भी वैसे ही बने हुए हैं। इसका प्रमुख कारण 1947 के बाद आए नए शासकों द्वारा औपनिवेशिक कानूनों से स्थापित पुलिस के चरित्र में कोई बुनियादी सुधार न करना है। भीड़ में शामिल व्यक्ति पहले की ही तरह अब भी उसका 'शत्रु' ही है, और अभी भी उसे निपटने के लिए शक्ति का अधिकतम प्रयोग करने में हिचक नहीं होती। यह अधिकतम शक्ति आमतौर से फायरिंग होती है, जिसके चलते दुनिया की सबसे बहुमूल्य किसी ऐसी जान का नुकसान होता है, जिसे थोड़ा धैर्य दिखाकर बचाया जा सकता था। याद करने की जरूरत है कि देश के एक बड़े राजनेता ने आजाद भारत में जनता पर गोली चलाने का विरोध किया भी था। वह डॉक्टर राममनोहर लोहिया थे, जिन्होंने पुलिस फायरिंग के बाद साठ के दशक में केरल की अपनी ही पार्टी की पट्टमथानु पिल्लई सरकार से इस्तीफे की मांग की थी। उनके अनुसार, आजाद मुल्क की पुलिस को अपनी ही जनता पर गोली नहीं चलानी चाहिए। उनकी आवाज नक्कार खाने में तूती बनकर रह गई।

पुलिस बल के प्रयोग के चरण और उसकी सीमाएं भारतीय



संविधान और देश के विभिन्न कानूनों में निर्धारित हैं। अगर उनका पालन किया जाए, तो अधिकांश मामलों में जान-माल के गंभीर नुकसान से बचा जा सकता है। यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि निर्धारित-प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं होता? पुलिस बल के प्रयोग के दौरान गोली चलाने की नौबत आने के पहले गैर-घातक विकल्पों का इस्तेमाल होना चाहिए, ऐसा प्रशिक्षण के दौरान सिखलाया जाता है। इनमें मुख्य रूप से लाठीचार्ज, आंसू गैस, वाटर कैनन, रबर बुलेट, पेलेट गन या स्टन ग्रिनेड जैसे विकल्प हो सकते हैं। कई देशों में वाटर कैनन से फेंके जाने वाले पानी में कुछ ऐसे तत्व भी मिलाए जाते हैं, जिनसे शरीर मे खुजली पैदा होती है। इन सारे विकल्पों के इस्तेमाल से किसी मनुष्य की जान जाने की आशंका काफी हद तक न्यूनतम हो सकती है, फिर क्योंकर ऐसा होता है कि ज्यादातर मामलों में शुरू में ही और अनियंत्रित मात्रा में पुलिस फायरिंग करती है, और बेशकीमती जानों का नुकसान होता है?

इसे समझने के लिए मैं अपने दो अनुभव रखना चाहता हूं। इलाहाबाद में 1990 में एक उत्तेजित और उपद्रवी भीड़ पर जब आंसू गैस के गोले छोड़ने का आदेश दिया गया, तो हमने पाया कि तीन उपलब्ध टीयर गैस गन में से दो तो वर्षों से इस्तेमाल न होने से जंग खाई हुई हैं और तीसरी से जिन गोलों को फायर किया गया, वे इतने दिनों से गोदाम में पड़े थे कि किसी काम लायक नहीं रह गए थे। ऐसा इसलिए था कि घातक बुलेट की जगह उनके इस्तेमाल का महत्व हमारी सोच का हिस्सा नहीं बन सका था। न तो सरकार नए गोलों के लिए धन अवमुक्त कर रही थी और न ही पुलिस-नेतृत्व जरूरी प्रशिक्षण में दिलचस्पी दिखा रहा था। कुछ वर्षों पूर्व दिल्ली के उत्तर-पूर्व जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को समझने के लिए अवकाश-प्राप्त नौकरशाहों के एक दल के सदस्य के रूप में मैं मौके पर गया, तो मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि एक सज्जन, जो आईएएस के वरिष्ठतम पद पर सेवा करने के अलावा उप-राज्यपाल भी रह चुके थे, सबसे ज्यादा इस बात से चकित थे कि तमाम अखबारों में दिल्ली पुलिस के ऐसे चित्र छपे थे, जिनमें पुलिसकर्मी भीड़ पर पत्थर फेंक रहे थे। वह मुझसे जानना चाहते थे कि क्या पुलिस की सिखलाई में पत्थर फेंकना भी शामिल है? उन्हें यह समझाने में मुझे कुछ समय लगा कि वहां मौजूद पुलिसकर्मियों के पास सिर्फ दो हथियार थे- डंडा और रायफल। चूंकि बलवाई इतनी दूर थे कि लाठी उन तक पहुंच नहीं सकती थी और गोली चलाने का हुक्म नहीं था, इसलिए पुलिसकर्मियों के पास सबसे आसान विकल्प यही था कि वे भीड़ द्वारा फेंके गए पत्थर उठाकर वापस उन्हीं पर फेंके। यदि उनके पास लाठी और गोली के बीच के विकल्प होते, तो शायद वे उनका उपयोग करते।

हालिया किसान आंदोलन के दौरान जमकर आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल हुआ और पहली बार वे ड्रोन से भी छोड़े गए, जिससे उनकी पहुंच बढ़ी। इनके अतिरिक्त, पानी की बौछारें छोड़ी गईं और बीच-बीच में रबर बुलेट भी फायर किए गए। इन सबसे पुलिस फायरिंग से बचा जा सका। जितने दृढ़-प्रतिज्ञ और जिस संख्या में किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर मौजूद थे, उसे देखते हुए यह कानून लागू करने वालों की सफलता ही कही जाएगी कि बिना जान-माल की बड़ी क्षति के उन्हें रोका जा सका। कारण बड़ा स्पष्ट है कि चुनावी वर्ष में सरकार जमीन पर लाशें गिराने का नतीजा समझती थी और उसने पुलिस को गोली न चलाने के स्पष्ट निर्देश दे रखे थे।

यही व्यवस्था आम दिनों में क्यों नहीं की जा सकती? लोकतंत्र में जनता सड़कों पर निकलेगी ही और कई बार उसे नियंत्रित करने के लिए राज्य पुलिस का प्रयोग भी करेगा। पुलिस के दिमाग में यह भरने की जरूरत है कि प्रदर्शनकारी शत्रु नहीं हैं, जिनके खिलाफ उसे अधिकतम बल का इस्तेमाल करना ही है। राज्य को भी उसे गैर-घातक विकल्प प्रदान करने चाहिए, जिनसे स्थिति नियंत्रित भी हो जाए और बेशकीमती जानों का नुकसान भी न हो।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### विधायक ने राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक ली

**गरियाबंद।** राजिम विधायक रोहित साहू ने आज मेला स्थल पर 24 फरवरी माघ पूर्णिमा से आयोजित होने वाले 15 दिवसीय राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियों की अवलोकन किया।उन्होंने कहा कि मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लिया जाए।मेला स्थल में हुई बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, एसडीएम धनंजय नेताम सहित धमतरी एवं रायपुर जिले के क्रियान्वयन एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के मरम्मत और अस्थाई निर्माण तथा टेंट और बेरिकेड्स संबंधी समीक्षा की गई। इसी तरह पीएचई विभाग के अधिकारी ने बताया कि पाइप और शौचालय लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को वन विभाग से समन्वय कर बांस बल्ली की आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारी ने कहा कि स्नान कुंड बनाने का कार्य अंतिम चरण पर है।विधायक ने आयोजन के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गरियाबंद जिले के कलाकारों को भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल करे।उन्होंने प्रतिदिन होने वाले विभागीय कार्यक्रमों के बारे भी चर्चा की। वीवीआईपी,पार्किंग,सेल्फी जोन,दाल भात केन्द्र को और अधिक बढ़ाने,लाईट व्यवस्था,नगर पंचायत राजिम के सभी मोहल्लों में लाईटिंग की व्यवस्था,साफ-सफाई, महानदी आरती,मंच,दुकान आबंटन,विभागीय स्टॉल सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर जानकारी ली।उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कहा कि पुलिस बल की व्यवस्था पर्याप्त कराने।इसके अलाव उन्होंने सामाजिक प्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक,मीडिया प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए।

### क्षेत्रीय सरस मेला के आयोजन में समूह की महिलाओं को जोड़े जाने के दिये निर्देश

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा विगत दिवस प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ली गई समीक्षा बैठक के परिपालन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कार्यों में प्रगति लावें तथा समयावधि में आवास पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित है। सरस मेला के आयोजन में विकासखंडवार समूह की महिलाओं को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के निर्देश दिये गये ताकि समूह की महिलाएं विभिन्न उत्पादों के विक्रय से आत्म निर्भर बनें। बांस शिल्प को बढ़ावा देने के लिए राजिम कुंभ कल्प मेला एवं अन्य शासकीय आयोजनों में अतिथियों के स्वागत सत्कार के लिए कमार जाति के लोगों द्वारा निर्मित गुलदस्ता का उपयोग किये जाने के निर्देश दिये गये। सीईओ जिला पंचायत ने न्योता भोज कार्यक्रम रूद्री स्थित शासकीय स्कूल में और सभी विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित करने तथा इसकी समुचित व्यव्स्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है प्रधानमंत्री जी द्वारा अतिथि भोजन प्रधानमंत्री पोषण अभियान के तहत जोड़कर प्रारंभ किया गया है। जिसमें महत्वपूर्ण दिन जन्मदिवस, सालगिरह, त्यौहारों को स्कूली बच्चों के साथ मिलकर उनके पोषण को ध्यान में रखते हुए मना सकते है। यह भारतीय संस्कृति में प्रीतिभोज के कार्यक्रम को आगे बढ़ता है।

# आपातकालीन स्थिति में दूरस्थ क्षेत्रों में उच्च स्तरीय जांच एवं तत्काल सैम्पल रिपोर्टिंग हेतु वरदान साबित होगी ड्रोन तकनीक

## ब्लड सैम्पल परिवहन हेतु 40 किलोमीटर की दूरी वाला ड्रोन परीक्षण उड़ान का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारत सरकार के पायलेट प्रोजेक्ट यूज ऑफ ड्रोन टेक्नॉलॉजी इन हेल्थ सर्विस डिलीवरी के लिए छत्तीसगढ़ से अंबिकापुर स्थित राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का चयन हुआ। इसके अंतर्गत ड्रोन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर से ब्लड सैंपल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्राप्त किया जायेगा और जांच उपरांत रिपोर्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर भेजी जायेगी।



इसके क्रियान्वयन के लिए प्रथम चरण में प्रयोग के तौर पर राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार को प्रथम ड्रोन ट्रायल किया गया। मेडिकल कॉलेज से 40 कि.मी. दूर उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से ड्रोन के माध्यम से जाँच हेतु ब्लड सैम्पल एवं ओटी कल्चर हेतु सैंपल ड्रोन से भेजे गये। गौरतलब है कि राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए लगातार तत्पर हैं। इसी तारतम्य में हाल ही में राज्य में 250 से ज्यादा मेडिकल आफिसर तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति भी की गयी है। सरगुजा एवं बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की लैब में कई जांच नहीं होती हैं और इन्हें निकटतम रेफर सेंटर्स में भेजना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ड्रोन सुविधा मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकती है। ट्रायल परीक्षण में ड्रोन को मेडिकल कालेज अम्बिकापुर से उदयपुर पहुचने मे 30 मिनट का समय लगा जहां उदयपुर के झिरमिटी स्टेडियम ग्राउंड मे उसका सफल लैडिंग कराया गया। इनके द्वारा 15 मिनट के अंदर ब्लड सैपल जिसका वजन लगभग 600 ग्राम था, ड्रोन मे लोड किया गया व वापस ड्रोन को मेडिकल कालेज अम्बिकापुर भेज दिया गया।

इस प्रोजेक्ट हेतु दो स्व–सहायता समूह की ड्रोन दीदीयों को, ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग हेतु दिल्ली भेजा गया था। जिसमें से सैंपल लोडिंग एवं अनलोडिंग के कार्य हेतु एक ड्रोन दीदी को उदयपुर एवं एक ड्रोन दीदी अम्बिकापुर के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रोजेक्ट के सफल होने पर राज्य के समस्त जिलों में इसे लागू किया जायेगा। दूरस्थ इलाके से भर्ती मरीज को तत्काल जांच एवं सैपल रिपार्टिंग की जानकारी वायु परिवहन के माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराना सरगुजा जिले के लिए एक वरदान साबित हो सकती है।

# निर्वाचन की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना ही निर्वाचन अधिकारी की योग्यता की कसौटी : रीना बाबा साहेब कंगाले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि निर्वाचन की विश्वसनीयता, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना ही निर्वाचन अधिकारी की योग्यता की कसौटी है। निर्वाचन अधिकारी के प्रत्येक काम में यह प्रदर्शित होना चाहिए। लोकसभा आम निर्वाचन के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के सर्टिफिकेशन कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर को संबोधित करते हुए श्रीमती कंगाले ने ये बातें कहीं। नव पदस्थ जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के लिए लोकसभा आम निर्वाचन हेतु दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की भी आज शुरूआत हुई। श्रीमती कंगाले ने इस मौके पर लोकसभा निर्वाचन–2024 में बीते विधानसभा निर्वाचन–2023 की तरह बेहतर और सुगम निर्वाचन की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। दोनों प्रशिक्षणों के शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वय पी.एस. ध्रुव तथा डॉ. के.आर.आर. सिंह सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी के दायित्वों, मतदाता सूची के पुनरीक्षण, आदर्श आचरण संहिता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर दी जा रही जानकारियों को आत्मसात कर आगामी लोकसभा निर्वाचन में निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारीगण निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु निष्ठापूर्वक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स डॉ. के.आर.आर. सिंह, यू.एस. अग्रवाल, प्रणव सिंह, श्रीकांत वर्मा, पुलक भट्टाचार्य एवं श्रीमती गीता दीवान सहित राज्य स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) तथा व्हीव्हीपेट के उपयोग, मतदान दल एवं दिव्यांग मतदाता की सहूलियतों, पेड न्यूज़, मीडिया तथा मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी, मतगणना तथा परिणाम की घोषणा के साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग तथा मतगणना एप्लीकेशन पर भी जानकारी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि निमोरा स्थित छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) द्वारा सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के लिए 19 फरवरी से 23 फरवरी तक पाँच दिवसीय सर्टिफिकेशन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

# कलेक्टर डॉ. सिंह के मार्गदर्शन में हुआ जनचौपाल का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

### नागरिकों ने आवेदन के साथ अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

### आज जनचौपाल में आये 67 आवेदन

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज कलेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में जन चौपाल का आयोजन हुआ। जन चौपाल में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आम जनों ने अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

आज चौपाल में जिले के धरमपुरा गांव के सरपंच ने तालाब की सफाई हेतु राशि की किश्त प्रदान करने, धनेली निवासी सुधीर कुमार वर्मा ने अपने मकान के सामने वाले रास्ते को पड़ोसी द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत, छछानपैरी के सरपंच ने गांव की शासकीय भूमि को आबादी घोषित भूमि घोषित करने, गुढ़ियारी निवासी मधु लहरे ने मजदूर कार्ड बनवाने, गुढ़ियारी के ही सुरेखा नागदेव ने अपने पति की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी प्यारेलाल साहू ने कॉलोनी स्थित अपनी जमीन के बटांकन करने और समता कॉलोनी निवासी पल्लवी हरपाल ने अपना जाति प्रमाण पत्र बनवाने आवेदन दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। आज जनचौपाल में कुल 67 आवेदन आए जिन पर यथासंभव निराकरण करने के आदेश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए।

# बैंगन, टमाटर की खेती से साल में 25 लाख रूपए का शुद्ध मुनाफा कमा रहे कुंवर सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की उघानिकी विभाग की योजना का लाभ लेकर जांजगीर चांपा जिले के किसान उन्नत खेती की ओर आगे बढ़ रहें हैं। पामगढ़ विकास खंड के ग्राम बारगांव के किसान कुंवर सिंह मधुकर ने ग्राफ्टेड बैंगन और टमाटर की खेती से लगभग प्रत्येक वर्ष 25 लाख रूपए का शुद्ध मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 6 एकड़ में बैंगन की खेती करते हैं । एक एकड़ में खीरे के खेती से भी उन्हें 2 लाख का अतिरिक्त मुनाफा हो जाता है। उघानिकी विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से जुड़े तब से उनके जीवन में बदलाव आना शुरू हो गया आज पूरे प्रदेश में उनका नाम प्रगतिशील किसान के रूप में जाना जाता है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। किसान कुंवर सिंह मधुकर को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान के रूप में सम्मानित किया है। इसके साथ ही उन्हें इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के माध्यम से लखपति कृषक बनने पर सम्मानित किया गया है।



उन्होंने कहा कि बाजार में 12 महीने बैंगन, टमाटर की हमेशा मांग बनी रहती है। बाजार से हाथों–हाथ सब्जियां विक्रय हो जाती है। अन्य किसानों को भी अच्छी फसल लेने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह एक दिन उन्नतशील किसान की श्रेणी में आ जाएंगे। उद्यानिकी विभाग से मिली तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन ने उनकी खेती करने की विधि को बहुत ही आसान बना दिया। श्री मधुकर बताते हैं कि अनुदान मिलने से उन्होंने खेतों में ग्राफ्टेड बैंगन, टमाटर लगाए है। बैंगन और टमाटर की मांग अन्य राज्यों में भी की जाती है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि उद्यानिकी की एक तकनीक है जिसमें एक पौधे के रूट स्टॉक दूसरे पौधे के शॉट स्टीम से जोड़े जाते हैं जिससे दोनों के वाहिका ऊतक आपस में मिल जाते हैं। इस प्रकार इस विधि से पौधे तैयार किये जाते हैं। इसके लिए शासन से किसान कंवर सिंह मधुकर को प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत 55 प्रतिशत अनुदान के रूप में 10 एकड़ में दिया गया। वहीं रा.कृ.वि.यो. घटक ग्राफ्टेड बैगन उत्पादन के लिए 0.400 हे. में 30,000 रूपए और शेड नेट हाउस बनाने के लिए 14.20 लाख दिया गया, जिसमें वह खीरा लगाए हुए थे, वर्तमान में टमाटर लगाएंगे।

# छत्तीसगढ़ में तेजी से चल रहे हैं पीएम आवास के निर्माण कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हर एक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका खुद का एक पक्का आवास हो, पक्की छत हो, जिसमें वह सपरिवार अपना जीवन यापन कर सके। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस दिशा में बेहतर ढंग से कार्य करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में जरुरतमंदों के लिए पीएम आवास योजना के तहत पहली प्राथमिकता के साथ आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई। इसके परिणाम स्वरुप पूरे प्रदेश में तेजी से पीएम आवास शहरी एवं ग्रामीण का निर्माण कार्य जारी है। जशपुर जिले में भी पीएम आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के तहत हजारों लाभार्थियों को बकाया किस्त जारी होने के बाद अब अधिकांश लोगों का मकान पूर्ण हो गया है।

पीएम आवास योजना शहरी के पात्र हितग्राही खजांचीटोली बस्ती, जशपुर निवासी मुनेश्वर राम ने बताया कि दो वर्ष पूर्व आवास निर्माण की स्वीकृति के साथ सिर्फ दो किस्त आया था। जिस वजह से आवास निर्माण कार्य अपूर्ण था। जब प्रदेश में नई सरकार आई और आवास निर्माण की स्वीकृति के साथ बकाया किस्त जारी किए उसके बाद आवास निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार जरूरतमंदों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उनके सपनों को साकार करने के लिए बेहतर कार्य कर रही है। स्वयं का पक्का आवास बनने के बाद अब पूरा परिवार खुशी से रह रहे हैं। इसके लिए प्रदेश के मुख्या श्री विष्णुदेव साय जी का उन्होंने आभार जताया है ।



योजना के पात्र हितग्राही जशपुर निवासी श्री आनंद भगत का कहना है पहले जब उनका कच्चा मकान था, तब उन्हें अपने मकान की और परिवार की बहुत चिंता होती थी। बरसात के दिनों में और ज्यादा परेशानी होती थी। कच्चा मकान होने से घर के अंदर पानी टपकता था और कई तरह की परेशानियां थी । मेरा पक्का मकान बनाने के लिए सरकार ने मेरे बैंक में जैसे ही पैसे डाले, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था।

मैंने तुरंत अपने मकान का काम शुरू किया और जैसे–जैसे मकान बनाने के लिए किस्तें मेरे बैंक खाता में आने लगी मेरा अपना पक्का मकान बन गया। आज मेरा खुद का पक्का मकान है। अब मैं अपने पक्के मकान में आराम से और चिंता मुक्त होकर रह रहा हूं। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी को धन्यवाद देता हूँ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्के आवास निर्माण का कार्य तेजी से जारी है। हितग्राहियों को आवास निर्माण की जियो टैगिंग के अनुरूप लगातार राशि प्रदान की जा रही है। योजना से हर गरीब की पक्के मकान की आस पूरी हो रही है। इस योजना के तहत ऐसे लोगों को पक्के मकान की सौगात मिल रही है, जिनके लिए पक्का घर बना पाना काफी मुश्किल था।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों के लिए 18 लाख घरों को मंजूरी दी गई है। साथ ही आवश्यक धनराशि प्रदान करने का निर्णय लिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 61784 हजार प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति मिली है जिसमे हजार 52282 मकान पूर्ण कर हितग्राहियों को सौंप दिया गया है तथा बाकी बचे मकानों को शासन के निर्देशानुसार जल्द पूरा किया जा रहा है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की अपेक्स कमेटी की बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की अपेक्स समिति की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा गई। इसी तरह राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की उप समिति द्वारा अनुशंसित जल प्रदाय योजनाओं अद्यतन स्थिति के साथ समूह जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आवश्यक समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, स्वास्थ्य केन्द्र और आश्रम शालाओं में रनिंग वाटर के तहत जलापूर्ति करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी तरह से जल-जीवन मिशन के अंतर्गत हर-घर नल से जल के तहत वर्ष 2023-24 की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया गया कि समुदाय आधारित एक स्त्रोत योजना के तहत धमतरी, जशपुर, कोरबा, महासमुंद और नारायणपुर की करीब 451 बसावटों में निवासरत परिवारों के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु कार्यवाही की जा रही है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, वित्त विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, मिशन संचालक जल-जीवन मिशन सुनील जैन, प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एम.एल.अग्रवाल सहित ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

### मॉडल उत्तरों के संबंध में मिली आपत्तियों का विषय-विशेषज्ञ करेंगे परीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य प्रारंभिक सेवा परीक्षा-2023 के संबंध में जारी किए गए मॉडल उत्तरों के संबंध में सोशल मीडिया एवं मेल आदि के माध्यम से कुछ प्रश्नों के मॉडल उत्तरों के गलत होने के संबंध में परीक्षार्थियों से प्राप्त हो रही आपत्तियों को संज्ञान में लिया है। आयोग विषय-विशेषज्ञों से इसका परीक्षण कराएगा और प्रतिवेदन के आधार पर ही राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 के परिणाम जारी किए जाएंगे। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 11 फरवरी 2024 को किया गया था। उक्त परीक्षा के संबंध में 16 फरवरी 2024 को मॉडल उत्तर जारी किए गए। मॉडल उत्तरों के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न सोशल मीडिया, मेल के माध्यम से कुछ प्रश्नों के मॉडल उत्तरों के गलत होने के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा आपत्ति की जा रही है। अभ्यर्थियों से 27 फरवरी तक प्रश्न एवं उत्तरों के संबंध में ऑनलाईन आपत्ति आंमत्रित है। परीक्षा नियंत्रक लोक सेवा आयोग ने कहा है कि 27 फरवरी तक मॉडल उत्तरों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों एवं प्रश्न-उत्तरों का परीक्षण विषय-विशेषज्ञों से कराया जाएगा और उनसे प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर परिणाम जारी किए जाएंगे।

### 7 ट्रेनी आईपीएस को मिली सीएसपी के पद पर पोस्टिंग

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा का जिला व्यवहारिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार आकाश कुमार शुक्ला को नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़, चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग अमन कुमार रमन कुमार झा नगर पुलिस अधीक्षक रायपुर, रवींद कुमार मीणा नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा, रोहित कुमार शाह नगर पुलिस अधीक्षक सरगुजा, उदित पुष्कर नगर पुलिस अधीक्षक जगदलपुर तथा उमेश प्रसाद गुप्ता नगर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर बनाए गये हैं।

### केन्द्रीय मंत्री ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की मुक्तकंठ से की सराहना

# केन्द्र सरकार शिक्षा के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी : धर्मेन्द्र प्रधान

## नई शिक्षा नीति के अनुरूप बनाएंगे छत्तीसगढ़ की शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर : सीएम विष्णु देव साय

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों में पीएम श्री योजना का शुभारंभ किया
- छत्तीसगढ़ के ज्यादा से ज्यादा स्कूलों को पीएम श्री योजना के द्वितीय चरण में करेंगे शामिल
- मातृभाषा और स्थानीय भाषा में कक्षा 8वीं तक की पढ़ाई के लिए केन्द्र सरकार प्रारंभ करेगी भाषा चैनल





श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। भारत सरकार शिक्षा के विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी। पीएम श्री योजना के द्वितीय चरण में छत्तीसगढ़ की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक से अधिक स्कूलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों में पीएम श्री योजना की आज शुरूआत की गई है। जिसके तहत 2-2 करोड़ प्रति स्कूल राशि खर्च कर स्कूलों को बड़े शहरों और विश्व स्तर के आदर्श स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया' प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना का प्रमुख आधार है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, मोतीलाल साहू, राज्य औषधि बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामप्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पहले अतिथियों ने आयोजन स्थल पर पीएम श्री योजना सहित शिक्षा से संबंधित योजनाओं पर लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। केन्द्रीय मंत्री ने केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में डिजिटल लाइब्रेरी, रामानुज मैथ्स पार्क और नवोदय विद्यालय में वर्चुअल रियलटी का शुभारंभ किया। पीएम श्री योजना में छत्तीसगढ़ के चयनित 211 स्कूलों में एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल हैं। विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा। अतिथियों ने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि स्टॉलों के अवलोकन के दौरान उनकी विद्यार्थियों से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और ज्ञान का स्तर देखकर मैं यह कह सकता हूं कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी बच्चे दूसरे राज्यों के बच्चों से काफी आगे हैं। यही छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी पूंजी है। बच्चों ने मुझसे आटोग्राफ भी लिया। चर्चा के दौरान बच्चों में क्रिटिकल थिंकिंग का रिफ्लेक्शन देखने को मिला। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में समग्र शिक्षा के विकास के लिए केन्द्र सरकार हरसंभव सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि हर स्कूल में बागवानी हो, बच्चों को पोषण के साथ खेलकूद और योगा भी सिखाया जाए ताकि बच्चे स्वस्थ्य रहें। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 में कक्षा 8वीं तक बच्चों को मातृभाषा और स्थानीय भाषा में शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए केन्द्र सरकार सरकारी चैनल शुरू करेगी, जिसमें छत्तीसगढ़ी सहित हल्बी, गोंडी, भतरी, सरगुजिया जैसी भाषाएं भी शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी सहित सभी स्थानीय भाषाएं राष्ट्रीय भाषाएं हैं। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास और टेक्नालॉजी पर विशेष जोर दिया गया। 6वीं से 12वीं तक सभी विद्यार्थियों को भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, आर्ट, स्पोर्टस, पेंटिंग, संगीत-नृत्य जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को 10 दिनों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा, जिसमें बच्चों को जंगल, एयरपोर्ट, अबूझमाड़ क्षेत्र, टेक्सटाइल्स, पंडवानी जैसे लोककलाओं आदि को नजदीक से जानने और समझने का मौका मिलेगा। यह सभी क्षेत्र अपने आप में ओपन यूनिवर्सिटी हैं। उन्होंने 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी तैयारी छत्तीसगढ़ से प्रारंभ हो, यहां के खिलाड़ी 10 प्रतिशत मेडल लेकर आएं। हर स्कूल में खेल का मैदान हों, खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हो। उन्होंने कहा कि बच्चे स्वयं एंकरिंग कर अपने गांव और उनकी विशेषताओं पर एक मिनट की रील बनाएं।

केन्द्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र 2025-26 से बोर्ड परीक्षा देने के दो अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में नवाचार पर जोर दिया गया है। इसका पहला उद्देश्य बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है, जब प्रदेश में पीएम श्री योजना प्रारंभ हो रही है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप छत्तीसगढ़ में हम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार कर बच्चों को आने वाले जीवन के लिए तैयार करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास के ध्येय वाक्य के साथ विकसित भारत बनाने का लक्ष्य दिया है। इसे प्राप्त करने के लिए हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाएंगे। पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में शिक्षा का जो हाल है, वह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा के विकास के लिए बजट में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के साथ स्कूल भवनों के निर्माण सहित अनेक प्रावधान किए गए हैं। हमें खाली खजाना मिला लेकिन चिन्ता की बात नहीं है। जब डबल इंजन की सरकार है। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध प्रदेश बनाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चयनित 211 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और स्कूलों की अधोसंरचना विकास के कार्य किए जाएंगे। ताकि विद्यार्थी आने वाले जीवन के लिए तैयार हों।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के बजट में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छत्तीसगढ़ में मल्टीलेंग्वेज एजुकेशन बच्चों को दिया जाए। पीएम श्री योजना प्रधानमंत्री का विकसित भारत का सपना है। उन्होंने इस योजना में छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक स्कूलों को शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पीएम उषा योजना के तहत बस्तर विश्वविद्यालय को 100 करोड़, रविशंकर विश्वविद्यालय और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर को 20-20 करोड़ रूपए का अनुदान स्वीकृत किया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और केन्द्रीय शिक्षामंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हम अगले पांच वर्षों में प्रदेश के 25 हजार स्कूलों को स्मार्ट स्कूल के रूप विकसित करेंगे।

दूरस्थ अंचल के प्रायमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों को नि:शुल्क जूता-मोजा और बैग देना चाहते हैं। 10 हजार स्कूलों के जर्जर भवनों और नए स्कूल भवन का निर्माण करना चाहते हैं, इसके लिए उन्होंने केन्द्र से मदद का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि हम 11वीं और 12वीं के बच्चों को भी नि:शुल्क पुस्तकें देने जा रहे हैं। हमारा यह आग्रह है कि प्रदेश के हर जिले में केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय हों। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री जी के भावनाओं के अनुरूप छत्तीसगढ़ की शिक्षा के स्तर को देश की शिक्षा के स्तर पर लाएंगे। कार्यक्रम को केन्द्रीय शिक्षा सचिव श्री संजय कुमार, छत्तीसगढ़ के शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने भी सम्बोधित किया।

# मंडी बोर्ड के विभिन्न पदों की भर्ती परीक्षा 25 को

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छतीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड रायपुर के अंतर्गत सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ, सचिव कनिष्ठ पद हेतु भर्ती परीक्षा (एमबीडी23) का आयोजन 25 फरवरी 2024 को पूर्वान्ह प्रदेश के 8 जिला मुख्यालयों में होगा। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी उक्त भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट एवं चिप्स की वेबसाइट जनसंपर्क की वेबसाइटछत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड, रायपुर, की वेबसाइट पर उपलब्ध लिकों में से किसी भी एक लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं एवं यहां से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी प्राप्त होगा। अभ्यर्थी इस यू.आर.एल. को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे एडमिट कार्ड प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं।

प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी की प्रति के साथ ही प्रत्येक परीक्षा पाली के दौरान परीक्षा केन्द्र में जमा की जाने वाली व्यापम की प्रति भी है। अत: अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट निकाले। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी डेढ़ घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहे, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनकी पहचान की जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के संबंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाईन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है, तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में आने को कहा गया है। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रदेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति, लोकेशन आदि की जानकारी हासिल कर ले। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई.डी. प्रूफ जैसे-मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड (ई-आधार कार्ड भी मान्य), पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश नियमित सर्व शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश नियमित सर्व शिक्षक फेडरेशन ,जिला गरियाबंद के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल प्रधान,विकासखण्ड अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश वर्मा के अगुवाई में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवम् जिला कोषालय,कोष अधिकारी खलको को नियमितीकरण एवं इंक्रीमेंट संबंधी आदेश पारित करने के लिए ज्ञापन दिया गया।इसके अंतर्गत ज्ञात करवाया गया कि सीधी भर्ती से चयनित नव नियुक्त शिक्षकों का नियुक्ति आदेश 22 फरवरी 2023 को जारी हुआ था और मार्च 2021 की स्थिति में लगभग समस्त शिक्षकों, व्याख्याताओ द्वारा पदभार ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी।उक्त नियुक्ति आदेश के अनुसार परीक्षाविधी 3 वर्ष की थी जो कि मार्च 2024 में समाप्त हो रही है। चूंकि परीक्षा अवधि पूर्ण होने को है एवं छत्तीसगढ़ अधिसूचना 2019 के अनुसार 1 वर्ष में दो बार जिसका पद ग्रहण 2 जनवरी से 1 जुलाई में हो जनवरी तथा जुलाई में जिसका पद ग्रहण 2 जुलाई से 1 जनवरी में हो वेतन वृद्धि का प्रावधान है।साथ ही अधिसूचना के अनुसार नियुक्ति तिथि को ध्यान में रखते नियमितीकरण का आदेश जारी करने एवं नियुक्ति तिथि मार्च 2021 से अब तक की रुकी हुई वेतन वृद्धि एवं कटौती के समस्त राशि प्रदान करने हेतु आदेश जारी करवाने के लिए संघ के पदाधिकारी के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ढलती उम्र में भी दिखें जवान



**हर कोई फिट, एक्टिव और हेल्दी रहना चाहता है। पर लाइफ स्टाइल ऐसी हो चुकी है कि बिना एक्सट्रा एक्सरसाइज के एक्टिव और हेल्दी रहना संभव नहीं है। आज आपको ऐसे टिप्स बता रहे है जिनसे आप ढलती उम्र में भी जवान रह सकते है। आइए जानते उनके बारे में:-**

### नारियल पानी -

नारियल पानी, नेचुरल ड्रिंक्स है यह हमारे मैटाबॉलिज्म को मजबूत करता है और इलैक्ट्रोलेट्स से भरा होता है। अल्सर और पेट की समस्याओं के अलावा वजन घटाने में भी यह कारगर है। शरीर के टॉक्सिन को भी नारियल पानी बाहर निकाल देता है। रोजाना एक से दो ग्लास नारियल पानी शरीर में जबरदस्त बदलाव ला सकता है।

### खीरा-

वजन कम करने के लिए खीरा भी आप अपनी डाइट का हिस्सा होना चाहिए। इसमें भी क्योंकि इसमें भी पानी की मात्रा अधिक पाई जाती है। खीरे में 90 प्रतिशत पानी होता है। यह फैट को कम करता है। इसके अलावा गोभी, गाजर और टमाटर भी ऐसी वनस्पतियां हैं जिनको खाने से फिट, एक्टिव और हेल्दी रहा और दिखा जा सकता है।

### लौकी-

साइंटिफिकली ये प्रूव्ड है कि लौकी में फाइबर की मात्रा का अधिक होती और फैट तो बिल्कुल भी नहीं होता है। इसकी यही खूबी वजन कम करने में सहायता करती है। लौकी में 96 प्रतिशत पानी और 12 कैलोरी होती है। इसलिए इसे किसी भी तरह खाने से शरीर में कम कैलोरी जाती है और मोटापा ड़डनछू हो जाता है।

### ब्लैक कॉफी और ग्रीन टी -

ग्रीन टी और ब्लैक कॉफी पीने से मोटापा कम होता है। हालांकि ब्लैक कॉफी को फायदेमंद बनाने के लिए इसमें शक्कर नहीं मिलानी चाहिए। इसे पीन से कुछ ही हफ्तों में वजन कम किया जा सकता है। ग्रीन टी पीने से भी मोटापे को कम किया जा सकता है। ग्रीन टी मैटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और इसमें एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसी के चलते वजन कम करने के लिए ग्रीन टी यूज करने की सलाह दी जाती है।

### साफ पानी-

खूब पानी पीने से शरीर की कैलोरीज बर्न होती है और मोटापा कम होता है। इसके अलावा पानी यह शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स को बाहर निकाल देता है। पानी को हल्का गुनागुना करके पीना बहुत असरकारक होता है,लेकिन भोजन से तुरंत पहले और भोजन के तुरंत बाद पानी कभी नहीं पीना चाहिए।

# बिना डायटिंग के कुछ लोग कैसे खुद को रखते हैं स्लिम



**क्या आप जानते हैं कुछ लोग कैसे अपने डाइट पर नियंत्रण किये बिना खुद को स्लिम ट्रिम रखते हैं? शोधकर्ताओं ने इस रहस्य का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने भोजन की मात्रा के बजाय गुणवत्ता पर ध्यान दिया और अधिकतर घर में पका भोजन की खाया।**

न्यूयॉर्क के कॉरनेल यूनिवर्सिटी की एक टीम ने 112 उन लोगों पर अध्ययन किया जो अपने खाने-पीने में किसी भी तरह का नियंत्रण किये बिना खुद को स्लिम बनाकर रखा और 35 लोगों के दूसरे ग्रुप पर अध्ययन किया जो अपने खाना-पान पर काफी ध्यान दिया जो कब क्या खाना चाहिए। कितनी कैलोरी लेनी चाहिए।

अध्ययन में भाग लेने वालों से खाने की आदतों से जुड़ी 92 प्रश्न पुछे गए। अध्ययनकर्ताओं ने कहा, हम जानना चाहते थे ये कैसे अपने वजन कम रखते हैं और स्लिम बने रहते हैं। दोनों ग्रुप के उत्तर को तुलना करने के बाद अध्ययनकर्ता अश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने पाया कि जो उच्च गुणवत्ता और घर में बना खाना खाते रहे वो किसी भी तरह का भोजन करने पर भी स्लिम बने हुए हैं।

बिना डायटिंग स्लिम रहने वालों में से 61फीसदी चिकन और 35फीसदी अपने लंच में रोज स्लाद खाते थे। डिनर में 65फीसदी दाल और सब्जियां खाते थे। 33फीसदी अल्कोहल नहीं पीते थे। 7फीसदी शाकाहारी थे। ब्रेकफास्ट में 31फीसदी अंडा और 51फीसदी फल और सब्जी खाते थे। नास्ता में 44फीसदी फल और 21फीसदी बदाम खाते थे। 37फीसदी सोडा कभी नहीं पीते थे। 33फीसदी सॉफ्ट ड्रिंग पीते थे जबकि 25 फीसदी रेगुलर सोडा लेते थे। अध्ययन से पता चला कि बिना डायटिंग स्लिम रहने वालों की कुंजी एक्सरसाइज है। 42फीसदी एक सप्ताह में 5 से 7 बार एक्सरसाइज करते थे, 27फीसदी 3 से 4 बार एक्सरसाइज करते थे। 32फीसदी जीरो से दो बार वर्क आउट करते थे।

# सफर में पाएं ब्यूटीफुल स्किन



सफर के दौरान बदलते वातावरण का सबसे ज्यादा असर त्वचा पर पडता है और चेहरा कांतिहीन दिखने लगता है सफर में भी खूबसूरत दिख सकती हैं, जानिए कैसे... बात जब यात्रा की हो, तो उस में खूबसूरत एवं निखरीनिखरी दिखने के लिए आप को मोसम के अनुसार मेकअप की बारीकियों को जानना बहुत जरूरी हो जाता है। सफर के दौरान भी आप कैसे खूबसूरत दिख सकती हैं, आइए जानते हैं।

इस मौसम में सबसे अच्छा विकल्प वाटरप्रूफ मेकअप है। यह जल्दी उतरता नहीं है और आप देर तक तरोताजा महसूस करती हैं। यदि धूप में निकल रही हैं, तो स्कार्फ से सिर को ढकें और आंखों को धूलमिट्टी से बचाने के लिए धूप के चश्मे का प्रयोग करें।

यह आप की त्वचा को सूर्य की नुकसान पहुंचाने वाली किरणों से बचाता है। बर्फीले इलाकों एवं समुद्री किनारों में सनस्क्रीन क्रीम की जरूरत ज्यादा पडती है।

स्विमिंग का मन है तो स्विमिंग से पहले अपनी पूरी बॉडी पर एसपीएफ सनस्क्रीन जरूर लगाएं और केशों को शोवर कैप से ढके रहें। स्विमिंग के बाद शैम्पू से बालों को अच्छी तरह धो लें।



# फास्ट फूड खाने के बाद अधिक व्यायाम आवश्यक

अगर आप लंच में फास्ट फूड खाते हैं तो इससे निर्मित कैलोरी घटाने के लिए आपको अधिक मशक्कत करनी पड़ेगी, क्योंकि एक शोध के मुताबिक इससे बनने वाली कैलोरी को घटाने के लिए अधिक ऊर्जा, व्यायाम और समय की आवश्यकता होती है। सिडनी स्थित जॉर्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ के शोधकर्ताओं द्वारा बुधवार को जारी की गई सूची में कुछ खास व्यंजनों के सेवन से बढ़ने वाली कैलोरी और उसे जलाने के लिए आदर्श व्यायाम और समय की जानकारी दी गई है। इस शोध में लगभग एक-चौथाई व्यंजनों की जांच की गई थी, जिसमें बर्गर, सलाद, सैंडविच, पिज्जा आदि व्यंजन शामिल थे। औसत ऑस्ट्रेलियाई लोग एक दिन में सिर्फ 8,700 किलोजूल कैलोरी का उपभोग करते हैं। उनके भोजन में दो हजार किलोजूल से अधिक कैलोरी की जरूरत नहीं है, जिसे घटाने के लिए 90 मिनट तक पैदल चलना पड़ता है।

इंस्टीट्यूट फूड पॉलिसी डिवीजन की डॉक्टर क्रिस्टिना पीटरसन ने एक बयान में कहा, औसतन ऑस्ट्रेलिया के लोग दिन में केवल 30 मिनट ही शारीरिक श्रम करते हैं, जो इस तरह के भोजन से प्राप्त कैलोरी को जलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। पीटरसन ने कहा, कार्यालय कर्मचारियों और अन्य लोगों को बाहर खाने के बजाए घर से खाना ले जाना चाहिए। इससे आप अधिक बेहतर ढंग से देख पाएंगे कि आप क्या और कितना खा रहे हैं। उन्होंने बताया, अगर आप फिर भी बाहर से खाना मंगवा रहे हैं तो जागरूक रहें कि आप क्या खा रहे हैं। भोजन सूची में छोटे बदलाव वजन को नियंत्रित करने में बड़े मददगार साबित होते हैं।

# किचन से बदबू दूर करने के घरेलू उपाय

- संतरे के छिलके का पानी- एक कटोरे में एक कप पानी लें और इसे धीमी आंच पर गर्म करें। इस पानी में संतरे के छिलके मिला दें1 इसे दो मिनट के लिए उबलने दें और इसमें दालचीनी मिला दें। आप चाहें तो इलायची भी मिला सकती हैं। इस पानी से किचेन की बदबू दूर भाग जाएगी।
- टोस्ट से भगाएं बदबू- आपको सुनकर अजीब लग रहा होगा, लेकिन यह सही बात है कि टोस्ट की महक से किचेन की बदबू दूर भाग जाती है। इसके लिए आपको एक टोस्ट को निकालकर किचेन में यूं ही खुला छोड़ देना है।
- बेकिंग सोडा- बेकिंग सोडा को बदबू भगाने में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको खाना बनाने वाली जगह पर बेकिंग सोडा छिड़क देना चाहिए, ताकि बदबू न भरें। इससे जलने की दुर्गंध भी नहीं आती है।
- नींबू पानी- फ्रिज में बदबू आने लगी हो या किचेन में, नींबू पानी से भरा कटोरा रख दें, बदबू तुरंत दूर भाग जाएगी।
- सुगर सोप- सी फूड बनाने के बाद बदबू हाथों और किचेन, दोनों से आने लगती है। ऐसे में सुगर सोप से हाथों को धुल लें और किचेन में भी उसे रख दें। इससे बदबू दूर हो जाएगी। 6. धुआं भगाये सिरका- सिरका के इस्तेमाल से किचेन की बदबू दूर भाग जाती है। पोंछा लगाते समय सफेद सिरका की दो बूंद डाल लें और उससे ही प्लेटफॉर्म को क्लीन करें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### केन्द्र सरकार राज्य शासन की योजना से 1343 लोग हुए लाभान्वित

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का दूसरा चरण प्रगति पर है । केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 के भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 के पवार समाज भवन चंगोराभाठा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का शिविर दिन की दूसरी पाली में लगाया गया। शिविर की व्यवस्था का अवलोकन नगर निगम की वार्ड क्रमांक 67 के पार्षद उत्तम साहू, जोन 5 जोन कमिष्नर सुषील कुमार चैधरी, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। शिविर में राज्य शासन की महतारी वंदन योजना का स्टाल लगाया गया, जिसमें पात्र 233 महिलाओं का पंजीयन किया गया। महतारी वन्दन योजना के सम्बन्ध में जानकारी 343 महिलाओं ने प्राप्त की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में 2535 नागरिकों ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसमें विभिन्न योजनाओं में पात्रता अनुसार 1343 नागरिक पंजीकृत किये गये। शिविर में केन्द्र सरकार की लोक हितकारी पीएम विश्वकर्मा योजना से 80, पीएम आवास योजना से 25 नागरिक पात्रता अनुसार लाभान्वित हुए। आयुष्मान कार्ड 57 नागरिको को तत्काल बनाकर दिये गये ।

### जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों के जनसामान्य को मिल रहा शुद्ध पेयजल

**राजनांदगांव।** जिन गांवों में कल तक पीने के लिए पानी कुंआ, नदी, नालों एवं दूर जाकर हैण्डपंप से लाना पड़ता था। आज वह जल की अमृत बूंदे जल जीवन मिशन से लोगों के घरों तक पहुंच रही है। अब पानी के लिए दूर तक जाना नहीं पड़ता, नल कनेक्शन से घर तक पानी पहुंच रहा है। घरेलू कामकाज के साथ दूसरी जरूरतों के लिए घर पर ही पानी मिलने से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के सभी सुदूर ग्रामों में प्रत्येक घर में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करना है। जिसे केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर मूर्त रूप दे रहे है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के ग्रामीणों क्षेत्र के प्रत्येक घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सहसपुर दल्ली में जल जीवन मिशन योजना से सभी घरों में टेप नल कनेक्शन लगाकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अब ग्राम सहसपुर दल्ली की दशा पहले की अपेक्षा सुधरने लगी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन अंतर्गत गाँव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोडने् की योजना से गांव में पेयजल की कमी दूर हुई है। जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1316 मीटर एवं राइजिंग मेन 670 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर ग्राम सहसपुर दल्ली के 198 परिवारों को नल से शुद्ध जल की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार पंचतत्वों विकास, विश्वास, सुरक्षा, न्याय और सेवा पर कर रही काम

# टॉप नक्सल कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती में जवानों ने जीता लोगों का भी दिल

## हेल्थ कैंप आयोजित किया, स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंची हिड़मा और देवा की माँ भी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। जगरगुंडा थाने के पूवर्ती तथा इसके निकटवर्ती गांवों को दंडकारण्य में माओवादियों की सबसे सुरक्षित पनाहगार कहा जाता था। पूवर्ती टॉप नक्सल कमांडर हिड़मा और पीएलजीए बटालियन कमांडर देवा का गांव भी है। इन्हीं इलाकों से ही नक्सलवादी आतंकवाद का नासूर पूरे दंडकारण्य में पनपता था। माओवादी आतंकवाद के केंद्र इन गांवों में विकास की बुरी स्थिति थी।**



लोगों को विकास का लाभ देने का तथा इन इलाकों को नक्सलवाद के दंश से मुक्त कराने का दृढ़ संकल्प मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार ने लिया और इन संवेदनशील इलाकों में 14 नये कैंप आरंभ किये गये। इसी कड़ी में सीआरपीएफ, एसटीएफ, कोबरा, डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं स्थानीय पुलिस द्वारा 16 फरवरी को जगरगुंडा थाना के पूवर्ती में भी सुरक्षा कैंप खोला गया।

कैंप खोलने का मकसद सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही स्थानीय लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना भी है। इस पर काम भी आरंभ हो गया है। पूर्वती में कैंप खोलने के पश्चात स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें सभी से स्वास्थ्य जांच की अपील की गई। इसमें हिड़मा की मां तथा देवा की माँ ने भी स्वास्थ्य जांच कराया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय लगातार नक्सल मोर्चे पर विकास, विश्वास और सुरक्षा, न्याय और सेवा के पंचतत्वों की रणनीति के माध्यम से बढ़ रहे हैं। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा भी लगातार नक्सल मोर्चे पर जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। लोगों का विश्वास जीतने के इसी क्रम में प्रशासनिक अमला पूवर्ती गांव में पहुंचा। लोगों को बताया कि किस तरह सरकार नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से आप लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने काम करने वाली है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ देने इन 14 कैंपों के पांच किमी के दायरे में नियद नेल्लानार योजना अर्थात आपका अच्छा गांव योजना आरंभ की गई है। इस योजना के माध्यम से 25 से अधिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और इनके माध्यम से 32 तरह की व्यक्तिमूलक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। नियद नेल्लानार ऐसी योजना है जिसमें प्रधानमंत्री जनमन योजना की तरह ही बुनियादी सुविधाओं से संबंधित लाभ हितग्राहियों को दिये जाते हैं। इसके लिए 20 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि जिला बीजापुर में नवीन सुरक्षा कैम्प पालनार, डुमरीपालनार, चिंतावागू, कावड़गांव, मुतवेण्डी एवं गुंडम तथा जिला सुकमा में नवीन सुरक्षा कैम्प मुलेर, परिया, सलातोंग, मुकराजकोण्डा, दुलेड़, टेकलगुड़ेम एवं पूवर्ती व जिला कांकेर में नवीन सुरक्षा कैम्प पानीडोबीर कुल 14 सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गये हैं, जिसमें नवस्थापित कैम्प पूवर्ती में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शीर्ष माओवादी कैडर के परिजनों सहित अन्य ग्रामीणजन द्वारा शामिल होकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाना, जनहित में किये जा रहे पुलिस, सुरक्षा बल व स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही पहल का सकारात्मक परिणाम है।

उन्होंने बताया कि बस्तर क्षेत्र में आगामी दिनों में शासन के मंशानुरूप विश्वास, विकास, सुरक्षा, न्याय और सेवा के पंचतत्वों के आधार पर पुलिस, सुरक्षा बल व स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार कार्य करते हुये क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को नक्सल आतंक से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ शासन की अनेक प्रकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विगत् एक सप्ताह में जिला सुकमा एवं बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम टेकलगुड़ेम, गुण्डम एवं पूवर्ती में कैम्प स्थापना किरण जी. चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, जितेन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक जिला बीजापुर, कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज, अरविन्द राय पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ सुकमा, एस.के. मिश्रा पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ बीजापुर तथा सीआरपीएफ व कोबरा के सेनानीगण एवं अन्य बल के सदस्यों द्वारा लगातार मैदान में जवानों का हौसला बुलंद करने के साथ-साथ शासन-प्रशासन के प्रति ग्रामीणों का विश्वास अर्जित करने का कार्य भी किया जा रहा है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई में जगरगुंडा के बेहद संवेदनशील और नक्सलप्रभावित इलाकों पर केंद्रीय बलों के और राज्य पुलिस के सुरक्षा बल यहां अपने नये कैंप के साथ तैनात हो गये हैं और स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए ढाल की तरह खड़े हो गये हैं। वे लोगों का दिल जीत रहे हैं। उनसे लगातार संवाद कर रहे हैं। इसका निश्चित ही अच्छा प्रभाव माओवाद के विरुद्ध लड़ाई में मिलेगा।

# विश्व सामाजिक मंच के काठमांडू सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि भी हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित विश्व सामाजिक मंच का पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 19 फ़रवरी को सम्पन्न हो गया। इसमें भारत सहित पचपन देशों के लगभग चार हजार प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भारत के छत्तीसगढ़ प्रदेश से डॉ. सत्यजीत साहू के नेतृत्व में रायपुर की दो संस्थाओं - डॉक्टरों की समाज सेवी संस्था 'डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट्स' (दोस्त) और प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकॉनामिक्स(प्योर) के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल हुए। छत्तीसगढ़ की दोनों संस्थाओं का यह संयुक्त प्रतिनिधि मंडल काठमांडू से आज नई दिल्ली लौट आया। डॉ. सत्यजीत साहू से आज शाम प्राप्त जानकारी के अनुसार काठमांडू के भृकुटि मंडप के विशाल मैदान में आयोजित विश्व सामाजिक मंच (वर्ल्ड सोशल फोरम )के इस सम्मेलन में दुनिया भर के नागरिक समाज के संगठनों ने हिस्सा लिया । इसके अंतर्गत दुनिया भर के गरीबों के लिए भूमि , जीविकोपार्जन और आवास आदि की जरूरतों पर व्यापक चर्चा की गयी। सम्मेलन में विभिन्न वैचारिक बैठकों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम , वर्कशॉप, प्रदर्शनी, और रैलियों का भी आयोजन किया गया। वैश्वीकरण की अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर इन आयोजनों के माध्यम से प्रकाश डाला गया। डॉ. साहू ने बताया कि इस महीने की 15 तारीख़ से 19 तारीख़ तक पाँच दिनों के सम्मेलन में सामाजिक आंदोलनों, नागरिकों, ट्रेड यूनियनवादियों, बुद्धिजीवियों और विभिन्न समूहों ने आपस में मिल कर विचार विमर्श किया। भारत की सामाजिक संस्था एकता परिषद के संस्थापक पी. वी .राजगोपाल ने प्रतिनिधियों के साथ नेपाल और भारत की सीमा पर पंद्रह किलोमीटर की पदयात्रा करके महात्मा गौतमबुद्ध और महात्मा गांधी की सामाजिक सदभावना,विश्व -शांति और मानवता का संदेश सम्मेलन के प्रारंभ में दिया। डॉ सत्यजीत साहू के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने विश्व सामाजिक मंच की विभिन्न बैठकों में हिस्सा लिया। इनमें से एडवोकेट संतोष ठाकुर, सुनील शर्मा, भारती ठाकुर, स्वाति दुबे और सूरज दुबे ने जलवायु परिवर्तन, सामाजिक न्याय तथा महिला सशक्तिकरण के विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के दौरान प्रमुख रूप से विश्वव्यापी आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन, भूमि अधिकार, मानवाधिकार, और फ़िलिस्तीन - इजरायल युद्ध में हो रहे जनसंहार के मुद्दों पर रैलियों के माध्यम से वैश्विक संगठनों ने अपने विचारों का प्रदर्शन किया ।काठमांडू के सम्मेलन में यह भी तय किया गया कि अगले वर्ष यह आयोजन केन्या में होगा ।



## दो दिवसीय रायपुर रेंज खेलकूद प्रगियोगिता का समापन

**गरियाबंद।** रायपुर रेंज जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2024 में गरियाबंद के पुलिस ने दिखलाया अपना जौहर दिखाते हुए विजेता रहे।कार्यक्रम में मुख्यअतिथि रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा एस एस पी संतोष मिश्रा लाइन डीएसपी एवं खेल प्रभारी निलेश दिव्वेदी ने सोमवार को पुलिस ग्राउंड में आयोजित छत्तीसगढ़ पुलिस रायपुर रेंज खेलकूद प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 'मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

ज्ञात हो कि गरियाबंद ज़िले के पुलिस के जवानों ने पिछले साल 2023 में भी खेल में अपने नाम कई ट्राफ़ी जीत कर गरियाबंद ज़िले का परचम लहराया था।और आज उसी कड़ी में एक बार फिर रायपुर रेंज स्तरीय अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2024 रायपुर रेंज में पाँच जिलों बलौदा बाजार,महासमुंद,गरियाबंद, धमतरी,रायपुर,एथलेटिक गेम में प्रधान आरक्षक चुड़ामणी देवता 10 कि.मी.दौड़ (पुरूष) प्रथम जिला-गरियाबंद तरुण सिदार खेल बुशो में प्रथम,आर. इंद्रकुमार दीवान खेल भाला फेक प्रथम,पुरुषोत्तम कुमार द्वितीय,राजेन्द्र ठाकुर एवं 4ङ्ग400 मी.रिले-रेस,राजू साहू लम्बी कूद प्रथम,त्रि कूद द्वितीय,लुकेस्वर सोरी, तिजराम,विष्णु मरकाम 400 मीटर रिले रेस में.आर. नीलम यादव द्वितीय स्थान,भाला फेंक,तवा फेक (महिला) में रहे व सामूहिक खेल खो -खो पुरुष में प्रथम स्थान जिला गरियाबंद-प्रधान आरक्षक.चूड़ामणि देवता प्रधान आर-पुरूषोतम दीवान,इन्द्र कुमार, राजु साहू, टीकाराम ध्रुव,लुकेश्वर सोरी, तीजराम उइके,अजय कोरार्म, विष्णु मरकाम,तेजनारायण साहू कबड्डी में प्रथम स्थान जिला गरियाबंद आर.देवेन्द्र साहू,चंद्रकांत वर्मा, गुलशन चौबे,नेमीचंद, बलराम नेताम,कमलेश कुरै द्वितीय रायपुर रहे।

# कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना के कार्यों की समीक्षा

श्रीकंचनप थ न्यूज

**राजनांदगांव। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी पात्र महिलाओं से आवेदन पत्र लिए जा रहे है। इसके तहत प्राप्त आवेदनों की ऑनलाईन एन्ट्री एवं सत्यापन त्वरित गति से किया जा रहा है। इस कार्य में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के अमले कार्य संपादित कर रहे है।**



इस योजना के तहत अब तक प्राप्त आवेदनों, ऑनलाईन एण्ट्री एवं सत्यापन के कार्यों के संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की और अधिकारियों को कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े अधिकारियों से कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत अब तक प्राप्त समस्त आवेदनों का त्वरित गति से ऑनलाईन एण्ट्री एवं सत्यापन करना सुनिश्चित करें। हर पात्र महिला हितग्राही से उनका आवेदन प्राप्त करें। इसके अलावा ऐसी महिला हितग्राही जिन्हें पेंशन मिलती है और वह इस योजना के तहत पात्र हितग्राही है, उसका फार्म भरवाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों में आधार नंबर, खाता नंबर एवं नाम इत्यादि की एण्ट्री सही ढंग से की जानी चाहिए, ताकि योजना के तहत प्रदाय राशि उनके खाते में अंतरित हो सके।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि आवेदन पत्रों के सत्यापन के दौरान शासन द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। अनन्तिम सूची 21 फरवरी 2024 को जारी की जाएगी। अनन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी 2024 तक की जाएगी। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च 2024 को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च 2024 को जारी होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि इन तिथियों को ध्यान में रखकर तेज गति से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। 20 फरवरी को आवेदन पत्र प्राप्त प्राप्त करने की अंतिम तारीख के साथ ही अधिकारीगण तत्काल आवेदनों का सत्यापन एवं ऑनलाईन एण्ट्री करना सुनिश्तिच करें और इसी तिथि को अनन्तिम सूची की हार्ड कापी निकलवा ले। सूची का प्रकाशन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में चस्पा की जाए, साथ ही इसका कार्रवाई विवरण भी पंजीकृत करना सुनिश्चित करें। आपत्ति प्राप्त करने के पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन करें, इसके लिए उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सीएमओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक महतारी वंदन योजना अंतर्गत 2 लाख 45 हजार महिलाओं ने आवेदन पत्र जमा किए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर ने न्योता भोजन की अवधारणा के संबंध में जानकारी दी और कहा कि यह सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है।

विभिन्न त्यौहारों या अवसरों वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। इसके तहत शालेय बच्चों को समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। यह मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त प्रदाय किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह की भीतर कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए संचालित है।

योजनांतर्गत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा व टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया-चटाई व झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुडिया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वालों को लाभान्वित जा रहा है। सभी वर्गों को अपनी आईडी व पहचान पत्र के माध्यम से प्रशिक्षण, टूलकिट व डिजिटल मार्केटिंग सपोर्ट दिया जाएगा। साथ ही बैंक शाखाओं के माध्यम से पहले चरण में 1 लाख रूपए व दूसरे चरण में 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा।

### पीएम किसान योजना अंतर्गत विशेष अभियान 21 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना के अंतर्गत विशेष ग्राम स्तरीय अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लंबित पात्र किसानों के पंजीयन तथा ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग पूर्ण कराने हेतु कार्य किया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत विशेष ग्राम स्तरीय अभियान संचालन के लिए प्राप्त निर्देशों के तहत जिले में 12 फरवरी से 21 फरवरी 2024 तक 10 दिवसीय विशेष ग्राम स्तरीय अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनके ई-केवाईसी लैण्ड रिकॉर्ड सीडिंग, बैंक डिटेल का सत्यापन एवं पोर्टल में इंद्राज करने, विशेष अभियान के अंतर्गत ग्रामों में आयोजित शिविरों की जानकारी, अधिकतम ई-केवाईसी हेतु लंबित ग्रामों की पहचान कर सर्वप्रथम लक्षित करने, सभी पात्र किसानों का ई-केवाईसी 21 फरवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को आगामी किश्त की राशि प्राप्त हो सके।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर


### पारिवारिक विवाद में प्रधानाध्यापिका ने लगाई फांसी, घर से लेकर स्कूल तक शोक की लहर

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र कस तोकापाल बेडागुड़ा में रहने वाली प्रधानाध्यापिका ने मंगलवार की सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और शव को नीचे उतारा। वहीं उसे पीएम के लिए डायल 112 की मदद से मेकाज लाया गया। वहीं प्रधानाध्यापिका की मौत की खबर लगते ही घर से लेकर स्कूल में शोक की लहर छा गई।

मृतिका कांति नागेश के मौसा जीतू ठाकुर ने बताया कि बुरुंगपाल के स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पद में पदस्थ कांति नागेश 37 वर्ष अपने मां, पिता के अलावा एक छोटे भाई के साथ रहती थी। घर के पास ही रहने वाले रिश्तेदारों से विगत कई वर्षों से किसी न किसी बात को लेकर आये दिन विवाद होने का आरोप भी लगाया। यह मामला कई बार पंचायत के पास भी गया लेकिन कोई हल नहीं निकला। मंगलवार की सुबह कांति अपने कमरे से निकल कर बाथरूम तक गई। उसके बाद वापस कमरे में चली गई। आठ बजे तक जब बाहर नहीं आई तो उसकी मां बुटकी नागेश कमरे में गई। जहां बेटी को फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा। परिजनों को कमरे से किसी भी प्रकार का कोई सुसाइट नोट बरामद नही हुआ है। शिक्षिका की आत्महत्या के बाद घर से लेकर स्कूल तक शोक की लरहर है।

### कार रिवर्स करते समय चपेट में आया मासूमः बड़े पिता को देखकर दौड़ गया था ढाई साल का बेटा

**भिलाई।** दुर्ग जिले में कार रिवर्स करते समय चपेट में आने से ढाई साल के मासूम की मौत



हो गई। अपने बड़े पिता को कार निकालता देख बच्चा दौड़कर कार के पीछे गया। जिसे वह देख नहीं पाए। घटना छावनी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक घटना रविवार की देर शाम की है। शास्त्री नगर निवासी विनोद सोनी के बड़ा भाई किसी काम से बाहर जा रहे थे। वो कार को रिवर्स कर निकाल रहे थे। तभी विनोद का ढाई साल का बेटा सागर सोनी बड़े उसकी तरफ जाने के लिए दौड़ गया। जिससे बच्चे को कार के पिछले हिस्से से ठोकर लगी और वो पास रखे पत्थर से टकरा गया। उसे गंभीर हालत में परिवार के लोग बीएम शाह अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। सुपेला पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। सुपेला पुलिस ने छावनी पुलिस को फाइल भेज दिया है।

### पत्नी के हत्यारे पति को 10 साल की सजा, पीट-पीटकर कर दी थी हत्या

**बलौदाबाजार।** भाटापारा में पत्नी के चरित्र पर संदेह कर हत्या करने वाले पति को अपर सत्र न्यायाधीश शेख अशरफने दस साल कारावास और पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाया है। भाटापारा शहर के नयापारा वार्ड निवासी तितरा उर्फ छोटू मसीह ने 14 अक्टूबर 2021 को कपड़ा धोने वाले कुटेला से पीट पीट कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। लगभग दो साल बाद न्यायालय ने फैसला सुनाया है। आरोपी को दस साल कारवास की सजा और पांच सौ रुपये का अर्थदंड लगाया है। यह पूरा मामला भाटापारा शहर थाने का है।

# छात्रा पर ब्लेड से हमला : स्कूल से लौट रही थी, गले में वार कर भागा बदमाश

■ **डुंडेरा आत्मानंद स्कूल की छात्रा, जिला अस्पताल में भर्ती**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र के तहत डुंडेरा में सोमवार की शाम को स्कूली छात्रा पर जानलेवा हमला हुआ। स्कूल से लौट रही छात्रा के गले में ब्लेड से हमला कर बदमाश फरार हो गया। घटना के बाद छात्रा को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां से दुर्ग जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल छात्रा का इलाज चल रहा है। इस मामले में उतई पुलिस ने धारा 307, 341, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।



मिली जानकारी के अनुसार मोरिद डुंडेरा की रहने वाली उमेश्वरी निषाद (16 साल) आत्मानंद स्कूल में 11वीं का छात्रा है। सोमवार शाम उमेश्वरी स्कूल से छुट्टी के बाद अपनी सहेलियों के साथ घर लौट रही थी। इस दौरान कचरू नगर डुंडेरा का निवासी युवक भूमिल साहू ने अपने साथियों के साथ उसका रास्ता रोका। भूमिल ने छात्रा से बात क्यों नहीं करती कहते हुए विवाद करने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो उसने ब्लेड निकालकर उसके गले पर वार कर दिया। ब्लेड लगने से उमेश्वरी वहीं गिर पड़ी। हमला करने के बाद भूमिल साहू भाग गया।

घायल उमेश्वरी को आसपास के लोगो नें उतई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। उमेश्वरी की सहेली प्रिती निषाद ने उमेश्वरी के पिता सुजीत कुमार निषाद को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पिता अस्पताल पहुंचा तो सहेली ने पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद उसने उतई थाने में भूमिल साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद उतई पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। छात्रा को जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### भिलाई टाउनशिप में युवक पर कटर से हमला



दुर्ग जिले में कटर और ब्लेड से महले के मामले बढ़ते जा रहे हैं। यहां सोमवार के एक ही दिन में कटर व ब्लेड से हमला की दो वारदात हुईं। उतई थाना क्षेत्र के साथ ही सोमवार शाम भिलाई भट्ठी थाना अंतर्गत एक युवक पर सेक्टर-1 के पास तीन युवकों ने मिलकर कटर से हमला कर दिया। युवक की पहचना कैम्प-1 निवासी पवन (25वर्ष) के रूप में हुई है। वो सेक्टर-1 गार्डन के पास से गुजर रहा था तभी 3 युवक आए और उसे जबरन रोक कर विवाद करने लगे। पवन कुछ समझ पाता इससे पहले अहमद नाम के युवक ने कटर से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया।

## घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, पति गया था काम पर, घर पर थी अकेली



■ **रायगढ़ के जूटमिल थाना का मामला, आरोपी गिरफ्तार**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जूटमिल थाना पुलिस ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को लेबर कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

जानकारी के अनुसार, एक फरवरी को धर्मेंद्र सिंह (30) के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 20 जनवरी को उसका पति काम करने गये थे और वह रात को अपने कमरे में सोई थी। इसी दौरान रात करीब दो बजे धर्मेंद्र सिंह घर के कमरे में घुस गया और सहमति के बिना शारीरिक संबंध बनाया। उसी रात धर्मेंद्र ने घटना किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

कुछ दिनों बाद अपने पति को घटना बताई और धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के निर्देशन पर महिला विवेचक द्वारा महिला से पूछताछ कर महिला के आवेदन पर धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी जूटमिल ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## रायपुर में पति ने हत्या कर खुद लगाई फांसीः आपसी विवाद के बाद पत्नी का दबाया गला फिर लगा ली फांसी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लाखे नगर में सोमवार को पति ने पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, 40 साल के नरेश साहु ने अपनी पत्नी का पहले गला दबाया फिर रॉड मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वह पंखे से लटक गया। बताया जा रहा है कि पति और पत्नी के बीच विवाद होते रहता था। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी नरेश



साहू और उसकी पत्नी मंजूषा साहू (30 साल) दोनों ही एक दूसरे शक करते थे। सोमवार सुबह भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद उसने पहले अपनी पत्नी के ऊपर कंबल ढका और फिर उसका गला दबा दिया। इसके बाद वह रॉड से भी ताबड़तोड़ हमला करता रहा।

## ज्वार सप्लाई की आड़ में तस्करी, 334 किलो गांजा जब्त

■ **कबीरधाम के चिल्फी पुलिस की कार्रवाई, जब्त गांजा की कीमत 70 लाख रुपए**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में सोमवार देर शाम 7 बजे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 70 लाख रुपये की कीमत का 334 किलो गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना ने की है।



एसपी डॉक्टर अभिषेक पल्लव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली की एक ट्रक में ज्वार की सप्लाई के आड़ में गांजा का अवैध परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने थाना के पास नाकेबंदी कर वाहन को रुकवाया। वाहन में अलग-अलग पॉलीथीन में करीब 334 किलो गांजा था। गांजा को बरमपुर (उड़ीसा) से इटावा (यूपी) ले जाया जा रहा था।

इटावा से इसे देश के अन्य हिस्सों में सप्लाई किए जाने की तैयारी थी। कबीरधाम जिले में अब तक की ये दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले बीते हफ्ते गुरुवार को इसी थाने की पुलिस ने 10 क्विंटल गांजा जब्त किया था। वर्तमान के मामले में आरोपी शमीम (उम्र 44) पिता इशाक अहमद, निवासी एटा (मैनपुरी) के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वाहन मालिक और इस अवैध कारोबार में जुड़े लोगों के बारे में खोजबीन की जा रही है।

## युवक की हत्या कर शव सड़क पर फेंका, मौके पर मिला नक्सली पर्चा, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** बारसूर थाना क्षेत्र के मालेवाही कैंप से महज चार किमी दूर सड़क पर सोमवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव के पास से एक नक्सली पर्चा भी बरामद किया गया। जिससे माना जा रहा है कि नक्सलियों ने हत्या की है। हालांकि पुलिस ने इस हत्या में नक्सली एंगल से इनकार किया है। पुलिस का अनुमान है कि युवक की हत्या का आरोपी कोई और है। हत्या के बाद इसे नक्सली घटना का एंगल देने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।




मिली जानकारी के अनुसार, घोटिया मोड़ के पास एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त चैनू कश्यप (25) पुत्र जोगी कश्यप निवासी ढ़दुम ताड़ेलवाया पारा थाना बारसूर के रूप में हुई। वह एक होटल में काम करता था। युवक के शव के पास एक पर्चा मिला है जिसे नक्सलियों द्वारा लिखकर फेंके जाने की बात कही जा रही है। हालांकि शुरुआती जांच में पुलिस ने नक्सली घटना से इनकार किया है। पुलिस का मानना है कि किसी अज्ञात शख्स ने चैनु कश्यप की हत्या कर शव के पास नक्सली पर्चा डाल दिया। जिससे कि पुलिस को लगे कि यह हत्या नक्सलियों ने की है।

बारसूर थाना थाना प्रभारी मालेवाही सखा राम मंडावी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश या पारिवारिक विवाद जैसी बात सामने आ रही है। कुछ लोगों पर संदेह भी है जिनसे पूछताछ की जा रही है। युवक की हत्या गला घोंटकर की जाने की बात सामने आई है। इसे नक्सली घटना दिखाने के लिए पर्चा फेंका गया है। पुलिस जांच कर रही है जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## बिलासपुर में पहिए के नीचे सिर आने से महिला की मौत, 2 बच्चे समेत तीन लोग घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** जिले में सोमवार दोपहर 3 बजे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में भाभी की मौके पर मौत हो गई। जबकि देवर और दो बच्चे घायल हैं। जिनका सिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, मृतिका का नाम तुलसी पटेल (37) है, जो कि बसंतपुर की रहने वाली थी। घायलों में हिमेश कुमार पटेल (18), विशांश (4) और पंकज (18) शामिल है। सभी एक ही बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे।



### पहिए के नीचे आया महिला का सिर

इसी दौरान ग्राम जोंधरा में शिवनाथ नदी के पुल के पास दोपहर करीब 3 बजे बलौदाबाजार की ओर से आ रही ट्रेलर ने बाइक को रौंद दिया। जिससे महिला तुलसी पटेल का सिर पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई।

### घायलों को सिम्स किया गया रेफर

घटना की सूचना मिलने के बाद पचपेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां से बेहतर इलाज के लिए सिम्स रेफर किया गया। वहीं, महिला के शव को मर्चुरी में रखवा दिया है। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बालोद (छ.ग.)

निविदा क्र. 64 से 75/नि.शा./ज.जी.म/ का.अ. /लो.स्वा.यां.खण्ड/ 2024 बालोद, दिनांक : 16-02-2024

**ई-प्राक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन कीं **सक्षम श्रेणी** में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण-बालोद जिले के वि.खं. गुरूर, डौण्डी तथा डौण्डीलोहारा के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलकूप खनन का कार्य।**

| | नि.सू. क्रं./सिस्टम नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 64/152926 | विकासखड **गुरूर** के विभिन्न ग्रामों में 10 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 10.80 लाख |
| 2 | 65/152927 | विकासखंड **गुरूर** के विभिन्न ग्रामों में 09 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 9.72 लाख |
| 3 | 66/152928 | विकासखंड **डौण्डीलोहारा** के विभिन्न ग्रामों में 12 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 12.96 लाख |
| 4 | 67/152929 | विकासखंड **डौण्डीलोहारा** के विभिन्न ग्रामों में 12 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 12.96 लाख |
| 5 | 68/152930 | विकासखंड **डौण्डीलोहारा** के विभिन्न ग्रामों मे 12 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 12.96 लाख |
| 6 | 69/152931 | विकासखंड **डौण्डीलोहारा** के विभिन्न ग्रामों मे 12 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 12.96 लाख |
| 7 | 70/152933 | विकासखंड **डौण्डीलोहारा** के विभिन्न ग्रामों मे 11 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 11.88 लाख |
| 8 | 71/152934 | विकासखंड **डौण्डी** के विभिन्न ग्रामों में 13 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 14.04 लाख |
| 9 | 72/152935 | विकासखंड **डौण्डी** के विभिन्न ग्रामों में 13 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 14.04 लाख |
| 10 | 73/152937 | विकासखंड **डौण्डी** के विभिन्न ग्रामों में 13 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 14.04 लाख |
| 11 | 74/152939 | विकासखंड **डौण्डी** के विभिन्न ग्रामों में 13 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 14.04 लाख |
| 12 | 75/152940 | विकासखंड **डौण्डी** के विभिन्न ग्रामों में 12 नग नलकूप खनन का कार्य। | रू. 12.96 लाख |

1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि -19/02/2024
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि -07/03/2024

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 19/02/2024 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय मे देखे जा सकते है ।

जी-07921/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जिला-बालोद (छ0ग0)


## आटो में बैठी महिला से लूट, पर्स छीनकर भागे बाइक सवार बदमाश

■ **गंज थाना क्षेत्र की घटना, बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गंज थाना से चंद कदम दूरी पर रविवार रात करीब 12 बजे ऑटो सवार महिला से 4 लाख की लूट हो गई। महिला अपने पति के साथ स्टेशन से ऑटो में बैठकर होटल जा रही थी। पेट्रोल पंप के पास पीछे से एक बाइक में तीन लुटेरे आए। झपट्टा मारकर महिला का पर्स लूटने की कोशिश की। महिला ने पर्स नहीं छोड़ा। लुटेरों ने इतनी जोर से झटका दिया कि महिला ऑटो से नीचे गिर गई। उसी दौरान पर्स उसके हाथ से छूट गया और लुटेरे उसे लेकर भाग निकले। उसमें सोने ही अंगूठी, हार और दस हजार कैश था।

जिस दौरान लूट की घटना हुई। शहर में पुलिस की कांबिग गश्त चल रही थी। हालां?कि पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर ही दो लुटेरों को पकड़ लिया है। एक फरार है। पुलिस ने बताया कि मूलत: बिहार सोनभद्र निवासी सतीश दुबे (64) एनटीपीसी में मैनेजर है। रिश्तेदार की शादी में 17 फरवरी को बिलासपुर गए थे। दूसरे दिन रात को ट्रेन से रायपुर आए। स्टेशन से ऑटो में बैठकर होटल जा रहे थे। पीछे से तीन लुटेरे बाइक में आए। पुलिस के अनुसार गिरने की वजह से मैनेजर की पत्नी को हाथ-पांव में चोट आई है।

मैनेजर ने लूट के बाद चीख पुकार मचाई तो आसपास वाले भागकर आए। फिर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। पुलिस आई और महिला को अस्पताल ले गई। उसके बाद जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज से मिले क्लू के आधार पर श्याम नगर के गोलू देवार और आमानाका के बठुआ देवार को पकड़ लिया है। उनका एक साथी फरार है। आरोपी ने पहले बाइक चोरी की, उसके बाद घटना के अंजाम दिया। आरोपियों से लूट का आधा जेवर ही बरामद हुआ है।




सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# नाली का गंदा पानी एक जगह इकट्ठा हो जाने के कारण वार्डवासियों को करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना

## जनदर्शन में 140 आवेदन प्राप्त हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 140 आवेदन प्राप्त हुए। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड न.11 के वार्डवासियों ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछले 40 वर्षो से वार्ड 11 में निवास करते हैं। घरों के पीछे 13 वर्ष पहले से नाली का निर्माण किया गया है, जिससे घरों का पानी निस्तारित होता था, परंतु उक्त जमीन मालिक द्वारा नाली को पाटकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे घरों का पानी निस्तार नही हो पा रहा है।



नाली का गंदा पानी एक जगह इकठ्ठा हो जाने के कारण वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार तकियापारा निवासी ने स्कूल परिसर से लगे पान ठेला को हटाने आवेदन दिया। तकियापारा वार्ड में प्राथमिक एवं हाईस्कूल का संचालन होता है। स्कूल परिसर से कुछ दूरी पर ही पान ठेला संचालित है। पान ठेले में सिगरेट, तम्बाकू खाने वाले असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा लगा रहता है, चूंकि पास में ही स्कूल का संचालन होता है जिससे कारण छात्राओं पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। कलेक्टर ने उनकी समस्या को संज्ञान में लेते हुए नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम बटरेल के किसानों ने अपने भूमि की मुआवजा राशि की मांग की। ग्राम बटरेल धमधा मार्ग में शासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया गया, जिसमें आधी भूमि किसानों की थी।

आज दिनांक तक उनकी भूमि की मुआवजा राशि प्रदान नही की गई है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संबंधित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, किंतु संतोष जनक जवाब प्राप्त नही हुआ। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम उतई निवासी दुष्यंत साहू नेत्रहीन होने के कारण रोजगार से वंचित है। उन्होंने जनदर्शन में स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता की मांग की। एक और मामले में ग्राम अंजोरा के आवेदक ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस पाईप लाईन कार्य के दौरान मिलने वाली निर्धारित मुआवजे की बकाया राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि उनके खेत के लगभग 30 फ ीट चैड़ाई पर खुदाई की गई जिससे उनकी फ सल का भी नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि मुआवजे की राशि के रूप में उन्हें अब तक एक चौथाई राशि ही मिल पाई है। बकाया राशि दिलवाने के लिए उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

जनदर्शन में पहुंचे बाबूलाल टंडन 2019 से आधार नही बन पाने से समस्या में है। इनका फिंगर प्रिंट इन्ही के गांव के एक अन्य व्यक्ति से मैच कर रहा था, जिसके कारण इनका आधार जेनरेट नहीं हो पा रहा था। शिकायत करने पर आवश्यक कार्रवाई के बाद टीम द्वारा वेरिफिकेशन किया गया और 16 फरवरी 2024 को बाबूलाल टंडन का आधार जेनरेट हो पाया। अब बाबूलाल शासन की सभी योजनाओं का लाभ ले पाएंगे। उक्त कार्य में जिला कलेक्टर, चिप्स कार्यालय एवं उडाई हैदराबाद के लगातार फॉलोअप के लिए उन्होंने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद किया।

समस्त मितानिनों ने प्रोत्साहन राशि की मांग की। उन्होंने बताया कि विगत तीन माह से प्रोत्साहन राशि प्राप्त नही हुआ है। प्रोत्साहन राशि का समय पर भुगतान न होने के कारण मितानिनों को जीविकापार्जन एवं दैनिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए कई प्रकार के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## खास - खबर

### महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग व्दारा जिला कार्यकम अधिकारी महोदय अजय शर्मा के मार्गदर्शन में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 अंतर्गत विभिन्न विभागों में गठित आंतरिक शिकायत समितियों के अध्यक्ष/सदस्यों एवं जिले में गठित शिकायत समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 19 फरवरी 2024 को महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग के प्रेरणा सभा कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में, जिला कार्यकन अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अजय शर्मा व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शैल ठाकुर, एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता, जिला न्यायालय दुर्ग उमा भारती साहू, तथा संरक्षण अधिकारी प्रीति बाला शर्मा, नवा बिहान महिला एवं बाल विकास विभाग उनके साथ-साथ विभिन्न विभागों में गठित आंतरिक शिकायत समितियों के अध्यक्ष/सदस्यों एवं जिले में गठित शिकायत समिति के अध्यक्ष / सदस्यों की भी उपस्थिति रही। उक्त बैठक में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए विषय विशेषज्ञ व्दारा बताया गया कि जहां 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है।

### दुर्ग बाईपास एनएच 53 में यातायात होगा अब और सुरक्षित

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग बाईपास में संभावित दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उच्च तटबंध वाले स्थानों पर मेटल बीम क्रैश बैरियर स्थापित करने जिला प्रशासन द्वारा प्रस्वाव भेजा गया था, जिसे एनएचएआई द्वारा स्वीकृति मिल गई है। इसके अनुसार प्रोजेक्ट हाईवे के अंतर्गत एनएच 53 में उच्च तटबंध वाले स्थानों पर मेटल बीम क्रैश बैरियर स्थापित किया जाएगा। इसकी लंबाई लगभग 15 किमी है। मेटल बीम क्रैश बैरियर लगने से वाहन चालकों के लिए आवागमन सुरक्षित होगा।

### सस्ता मार्केट के मूल आबंटिती को मिला कब्जा

**भिलाई।** निगम भिलाई ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश पर सस्ता मार्केट पावर हाउस में अवैध कब्जाधारियो को बेदखल कर पॉच आबंटितो को कब्जा दिलवाया। पावर हाउस में सुभाष सब्जी मार्केट के प्रारंभ में लगने वाले सस्ता मार्केट में पॉच आबंटितो को जिनके आबंटित दुकान के स्थान पर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे हटाने माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया था। जिस पर मान. न्यायालय ने आबंटितो को कब्जा दिलाने का आदेश पारित किया था। जिसके परिपालन में सोमवार को जोन-3 का राजस्व अमला, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अवैध कब्जाधारियो को बेदखल कर आबंटित गुलाबचंद, सुरेश, रमेश, विष्णु, अनिल को कब्जा दिलाया गया।

सड़क किनारे प्रचार-प्रसार के लोहे के बोर्ड डालकर सड़क में आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध सामग्री हटाए गए

# बोरसी में बेदखली की कार्यवाही, सख्ती से हटाया सड़क किनारे का अतिक्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 51 में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निरीक्षण एवम निर्देश के बाद अधिकारियों ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने वार्ड 51 बोरसी स्कूल चौक साहू होटल के आस पास क्षेत्र से सड़क किनारे लगे लोहे के प्रचार प्रसार एवं दुकान के सामने रखे साइन बोर्ड को जेसीबी की मदद से निकालकर जब्त किया गया। आवगमन बाधित सड़क को चौड़ा किया गया।

कार्रवाही के मौके पर दुकानदारो को अधिकारी द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया कि प्रचार बोर्ड दोबारा सड़क किनारे देखा गया तो जुर्माना के साथ साथ कड़ी कार्यवाही करने की जावेगी।कार्रवाही के दौरान अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,यातायात टीआई आनंद शुक्ला,बाजार अधिकारी चंदन मनहरे,थानसिंह यादव,ईश्वर वर्मा, शशिकांत



यादव,यातायात अधिकारी रमेश दुबे, यातायात पुलिस व पद्मनाभपुर पुलिस की मौजुदगी में कार्रवाही की गई।बोरसी क्षेत्र में अवैध कब्जों के खिलाफअभियान और तेज कर दिया गया है। हनोदा- बोरसी मार्ग में की गई कार्यवाही के दौरान विरोध का प्रयास तो हुआ, तोड़ू दस्ता ने दुकानदारों द्वारा टीनसेट व सड़क किनारे रखे गए बोर्ड को जब्त किया गया।दुकानदार द्वारा दुकान के ऊपर टीन शेड डाल कर किए गए अवैध निर्माण को हटाने के लिए कहा गया।अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता व बाजार अधिकारी चंदन मनहरे की उपस्थिति में जेसीबी से अवैध रूप से लगे लोहे की प्रचार प्रसार बोर्ड को ध्वस्त कर दिया गया। दुर्घटना का कारण बनने वाले बोरसी रोड पर प्रचार-प्रसार के बोर्ड को हटाया गया।बोरसी चौक क्षेत्र रोड पर विक्रय, के लिए खड़े किए गए गाड़ी को हटवाया गया। प्रचार प्रसार के लिए लोहे के बोर्ड डालकर सड़क में आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले लगभग 20- से 25 अवैध सामग्री रास्ते से हटाया गया। विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बेदखल किया गया। साथ ही चौक-चौराहों के किनारे ठेला, फल और सब्जी बेचने वालों को दुकान नहीं लगाने की हिदायत दी गई। अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि शहर में अवैध कब्जाधारी पर निरन्तर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही अभियान जारी रहेगी।

# देवेंद्र के समर्थकों ने नए अंदाज में मनाया जन्मदिन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की जन्मदिन के अवसर पर महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्वेता सौरभ मिश्रा वह एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव आकाश कनोजिया ने अपने समर्थकों के साथ कुछ अनोखे ही अंदाज में केक काटा कर अपने लाडले विधायक का जन्मदिन मनाया भिलाई विधायक द्वारा किए हुए उल्लेखनीय कार्यों को अपने केक मैं मूर्त रूप प्रदान किया।

जिसमें बैडमिंटन कोड, डोमशेड, सी मार्ट और देवेंद्र यादव को न्याय प्रहरी के रूप में दर्शा कर इस पल को और इस केक को स्मरणीय बना दिया इसी दौरान कार्यकर्ताओं की संख्या ज्यादा होने की वजह से भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने अपने समर्थकों के साथ जमीन पर बैठकर फोटो खींचाई और यह भाव दर्शाया कि वह आज भी भिलाई की जमीन वह अपने कार्यकर्ता से अपने आप को किसी भी हाल में अलग नहीं मानते हैं श्वेता सौरभ मिश्रा द्वारा जानकारी देते हुए यह बताया गया कि देश में कांग्रेस द्वारा चल रही भारत जोड़ो यात्रा के न्याय प्रहरी बन निरंतर 14 जनवरी से देश और प्रदेश की न्याय की मशाल को बुलंद कर रहे हैं।

## बीएसपी ने किया ग्राम देवबलौदा में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा नि:षुल्क चिकित्सा षिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में 17 फरवरी 2024 को आदर्ष इस्पात ग्राम देवबलौदा में चिकित्सा षिविर का आयोजन किया गया। देवबलौदा में आयोजित चिकित्सा षिविर में कुल 46 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 13 पुरूष, 26 महिलाएं तथा 7 बच्चे शामिल थे। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त नि:षुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस षिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ सविता, फ ार्मेसिस्ट खिलावन कुंभकार, ब्लड एवम बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव व पंजीयनकर्ता शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से सीता सिन्हा उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:षुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है।

# महापौर हॉकी ट्रॉफी फाइनल में कवर्धा हारी, रायपुर ने मारी बाजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महापौर हॉकी ट्रॉफी महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाइन में हॉकी टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।मौके पर उपस्थित खेलकुद एवं युवा कल्याण विभाग प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया, राजेन्द्र साहू, एम. आइ. सी. के साथी दीपक साहू, हमीद खोखर,भोला महोविया वार्ड पार्षद नजहत परवीन, बिजेंद्र भारद्वाज कि उपस्थिति मे प्रारंभ किया गया।13 फरवरी से 17 फरवरी तक अखिल भारतीय महापौर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।महापौर धीरज बाकलीवाल ने हॉकी टूर्नामेंट के




समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी,महापौर कप में रायपुर एकेडमी का रहा कब्जा, कवर्धा को 4- 2 गोल से हराया, मैच काफी संघर्ष पूर्ण रहा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने दिया।इस सफल आयोजन के लिए जिला हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने महापौर धीरज बाकलीवाल का आभार व्यक्त किया।आयोजन में जिला हॉकी संघ के अध्यछ अंसार और सचिव गुलाम रहमानी और सभी सहयोगियों ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई खेलकूद का विशेष रूप से धन्यवाद किया।महापौर धीरज बाकलीवाल ने देश भर के हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु मंच उपलब्ध करवाने आयोजन की तारीफ करते हुए कहा कि हार जीत तो खेल का हिसा है,खिलाड़ियों को हार जीत वे से नही बल्कि खेल भावना से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए।शहर से हॉकी के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलें हैं अब ऐसे खेल का हिसा है, खिलाड़ियों को हार जीत के उद्देश्य से नही बल्कि खेल भावना से खेलते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहिए।शहर से हॉकी के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलें हैं अब ऐसे आयोजनों से शहर के खिलाड़ियों का खेल और भी निखरेगा।

# मानव संसाधन विकास विभाग में शक्ति आन्या कार्यक्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग ने, महिला कर्मचारियों के लिए एक विशेष शक्ति आन्या कार्यक्रम के तहत, 16 एवं 17 फरवरी, 2024 को दो दिवसीय सत्र का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र की महिला कर्मचारियों को अपने करियर के बारे में विचारशील होने तथा उच्च पद तक पहुंचने के लिए प्रशिक्षित करने पर केंद्रित था। यह ट्रान्सफरमेटिव कार्यक्रम, जीवन के सभी पहलुओं में महिलाओं को सशक्त बनाने और उसका आनंद लेने हेतु, एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करता हो।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई-1 से ई-4 ग्रेड तक की 21 महिला अधिकारियों ने भाग लिया। इस सत्र का आयोजन पांच महिला अधिकारियों उपमहाप्रबंधक



(परियोजनाएँ) शबनम श्वेता, सहायक महाप्रबंधक (पीएसडी) ललिता, सहायक महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सुश्री स्मिता जैन, सहायक महाप्रबंधक (कॉन्ट्रैक्ट सेल) कोमल मेहरा और सहायक महाप्रबंधक (इन्कॉस) नीरजा शर्मा द्वारा किया गया, जिन्हें सेल स्तर पर आन्या कार्यक्रम के तहत चुना गया और इसके लिए प्रशिक्षित किया गया था। सेल प्रबंधन द्वारा इस विशेष कार्यक्रम आन्या के लिए केवल 27 महिला अधिकारियों का चयन किया गया था, जिसमें बीएसपी की तरफसे ये पांच महिला अधिकारी इस अभिनव कार्यक्रम का हिस्सा थीं। जिनके चयन के बाद उन्हें सेल स्तर पर प्रशिक्षित किया गया।

अब मानव संसाधन विकास विभाग ने, इसी आन्या पहल की अवधारणा के तहत, कार्मिकों को भी प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। यह दो दिवसीय सत्र, कार्य और जीवन के संतुलन, नेतृत्व कौशल, संचार कौशल, टीम वर्क एवं उन छोटी-छोटी आदतों पर केंद्रित था, जो कार्यभार को प्रबंधित और व्यवस्थित करने में मदद करती हैं। उल्लेखनीय है कि इस फोरम की शुरुआत महिलाओं को उनके करियर और व्यक्तिगत जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करने, शिक्षित करने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई थी।

भिलाई इस्पात संयंत्र का मानव संसाधन विकास विभाग 'शक्ति' के तहत पूरे वर्ष महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न विशेष कार्यक्रम आयोजित करता है। मानव संसाधन विकास विभाग, सदा ही सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण में विश्वास करता है। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांयें) डॉ एम रविन्द्रनाथ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा, कि हम सब मिलकर, महिलाओं को बाधाओं को तोड़ने और एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए प्रेरित और समर्थन कर सकते हैं जहां हर महिला अपनी पूरी क्षमता हासिल कर सके।

मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एंड बीई) निशा सोनी ने 16 फरवरी को कार्यक्रम का उद्घाटन किया और इस विशेष कार्यक्रम के महत्व और उद्देश्य के बारे में चर्चा की। इस शिक्षाप्रद सत्र का सारांश एवं धन्यवाद ज्ञापन, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी द्वारा प्रस्तुत किया गया। सत्र का संचालन प्रबंधक अवंती वुचुला ने किया।

# कोक ओवन विभाग में हिंदी कार्यशाला हुआ आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग के सभागार में विगत दिनों मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एण्ड सीसीडी) तरुण कनरार के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहन एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित राजभाषा नीतियों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) समीर रायचैधरी, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) पी व्ही व्ही एस मूर्ति, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) झगर सिंह, महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) दिलीप सामंतरे तथा सहायक महाप्रबंधक (सीओसीसीडी) अनिल कुमार व जी प्रदीप कुमार, कनिष्ठ अधिकारी अमृत देवांगन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सर्वप्रथम महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी बिरजू पासवान ने कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में की जा रही पहल, विभागीय अधिकारियों के सभी नाम पट्टिका एवं रबर स्टाम्प हिंदी में होने तथा विशेष उल्लेखनीय कार्यों एवं संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी व विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम घर और कार्यक्षेत्र में सारा वार्तालाप अपनी भाषा हिंदी में करते हैं। हिंदी वार्तालाप के लिए सहज-सरल है और आवश्यकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950